मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र

हमारा उद्देश्य सेवा समर्पण जनकल्याण

एक सत बुलेटिन

E-mail: eksatbulletin@gmail.com | ग्वालियर, बुधवार 07 अक्टूबर 2026 | वर्ष-08, अंक-176, पृष्ठ-08, मूल्य- दो रुपए | Website: www.eksatbulletin.in



बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी की सीटों पर शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा 83.86% वोटिंग मदुरंतकम में दर्ज

नई दिल्ली। देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 6 सीटों पर मंगलवार हुई वोटिंग शाम 6.00 बजे खत्म हो गई। शाम 5 बजे तक के वोटर टर्नआउट में सबसे ज्यादा 83.86% वोटिंग तमिलनाडु के मदुरंतकम में दर्ज की गई।

वहीं, आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर को बंगाल के मुर्शिदाबाद में उनके पार्टी कार्यालय से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन पर चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनके बेटे गुलाम नबी आजाद भी रेजीनगर से उम्मीदवार हैं।

मीडिया से बात करते हुए नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान ने आरोप लगाया है कि उनके पोलिंग एजेंट्स को जबरन उठा दिया गया था। जिन सीटों पर वोटिंग हुई, उनमें पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर, तमिलनाडु की मदुरंतकम और धारापुरम, पुडुचेरी की थट्टानचावडी विधानसभा सीट और असम की नगांव लोकसभा सीट शामिल हैं।

सभी सीटों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक मतदान अधिकारी को ड्यूटी से हटा दिया गया। उस पर आरोप है कि उसने एक बुजुर्ग महिला मतदाता से सीटी चुनाव चिह्न वाले उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा। इसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया।

मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र को गौरवान्वित करते हुए सार्वजनिक जीवन जिया है: सीएम

एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस सेवा के संकल्प को साकार करते हुए मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने विकास को विरासत से जोड़कर आगे बढ़ाया है। कई सालों तक ब्रिटिश काल में बने भवन में हमारी संसद चलती रही। लेकिन अब हमारी संसद का नया भवन ऐसा बना है, जिसमें भारतीयता के दर्शन होते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकतंत्र को गौरवान्वित करते हुए सार्वजनिक जीवन जिया है। यह गर्व का विषय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति भी हमारी चुनाव प्रक्रिया की तारीफ करते हुए उसे अपनाने की मंशा जताते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक नेताओं के बीच विशिष्ट दिखती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलब्धि पर सेवा संकल्प अभियान-2026 में पूरा देश एक साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभकिया। कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ।



देश के साथ मध्यप्रदेश भी तेजी से बदल रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने और अब तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उन्होंने राज्य की अनेक चुनौतियों को समाप्त करते हुए गुजरात को एक सशक्त और समृद्ध प्रदेश बनाया। उनके कार्यकाल में पेट्रोकेमिकल की रिफाइनरी गुजरात में स्थापित हुई, जिससे आज भारत ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बन पाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मेरा भारत और विकसित भारत की संकल्पना के भाव से बड़े से बड़े फैसले लिए और उन्हें सरलता से लागू भी किया। आज हम डिजिटल भुगतान के माध्यम से दुनिया में सबसे अधिक यूपीआई ट्रांजैक्शन करने वाले देश हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डीबीटी की शुरूआत की, इससे जरूरतमंदों को उनके हक की रकम सीधे बैंक खाते में पहुंचती है। देश के साथ मध्यप्रदेश भी तेजी से बदल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के 55 जिलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रकला कृतियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं ने भाषण भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटे-बेटियों की चित्रकला प्रतिभा और भाषण की दक्षता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपने मन के भाव को भाषण और चित्रों के माध्यम से बहुत प्रभावी तरीके से अंकित और अभिव्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मेरे सपनों का भारत-राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त अशोक नगर की सुश्री श्रीजी मिश्रा का वक्तव्य सुना। द्वितीय स्थान पर रहीं जिला धार की सुश्री छवि मंगरोलिया और तृतीय पर रहीं गुना जिले की सुश्री रानी रजक के विचार भी सुने। मुख्यमंत्री ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त आयुष अहिरवार, द्वितीय स्थान पर रहीं बालाघाट की सुश्री डीनू बोपचे और तृतीय स्थान पर रहीं सुश्री आयुषी सिद्धी नामदेव को पुरस्कार प्रदान किए।

5 जिला शिक्षा अधिकारियों को मिला सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों को भी सम्मानित किया। इसके अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारियों में सतना की श्रीमती सलोनी शर्मा, नरसिंहपुर के श्री अनिल कुशवाहा, बालाघाट की सुश्री धनश्री जैन, अनूपपुर के श्री तुलाराम आरमो, उज्जैन के श्री महेंद्र खत्री तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के संयुक्त संचालक श्री एच.एन. नेमा को उनके सराहनीय योगदान और निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

एक नवंबर से अस्पताल फार्मेसियों में सार्वजनिक होगी दवाओं की कीमत

एजेन्सी, **लखनऊ**

मरीजों को दवाओं की कीमतों को लेकर अधिक पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने सभी रिटेल फार्मेसियों को अपनी पब्लिक वेबसाइट तैयार करने और उस पर फामेर्सी से जुड़ी जरूरी सूचनाएं सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अस्पताल परिसरों में संचालित फार्मेसियों को मरीजों के हित में दवाओं की खरीद दर और बिक्री दर के आधार पर मूल्य सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस व्यवस्था का क्रियान्वयन 1 नवंबर से अपेक्षित है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि पूर्व में जारी कार्यालय आदेश के तहत सभी रिटेल फार्मेसियों को अपनी एक सार्वजनिक वेबसाइट बनाते हुए उस पर लाइसेंस संख्या, नियुक्त फार्मासिस्ट, लाइसेंसी परिसर तथा स्टॉक संबंधी विवरण प्रदर्शित करना होगा। वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी को साप्ताहिक रूप से अपडेट भी करना होगा।



अस्पताल फार्मेसियों में मरीजों के हित में मूल्य पारदर्शिता

विभाग ने अस्पतालों में संचालित फार्मेसियों को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। अस्पताल परिसर में स्थित ऐसी फार्मेसियां जहां मरीजों के पास दवाएं या अन्य चिकित्सा संबंधी उत्पाद खरीदने के लिए व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होता, वहां मरीजों के हित में दवाओं की वास्तविक खरीद दर और बिक्री दर के आधार पर मूल्य सूची प्रदर्शित करनी होगी। इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में पारदर्शिता बढ़ाना और मरीजों को यह जानकारी उपलब्ध कराना है कि संबंधित दवा किस कीमत पर खरीदी गई और किस कीमत पर मरीज को उपलब्ध कराई जा रही है।

राहुल गांधी के प्रदर्शन पर भाजपा का पलटवार

'चुनाव आयोग ने बेनकाब किया राहुल गांधी झूठ': सुधांशु त्रिवेदी

एजेन्सी, **नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गुट के सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्ष के इस प्रदर्शन को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सियासी ड्रामा बताया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा।

भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी ने दिनभर दावा किया कि उन्हें चुनाव आयोग से मिलने नहीं दिया जा रहा है, जबकि आयोग ने स्पष्ट किया कि उसे इंडी गठबंधन या कांग्रेस पार्टी की ओर से बैठक के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला था। चुनाव आयोग की ओर से मंगलवार को भी इसी तरह की जानकारी सामने आई कि किसी राजनीतिक दल से बैठक के लिए औपचारिक अनुरोध नहीं मिला था।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, झूठों के सरताज, अनेक प्रकार के प्रपंच और नाटकीय प्रस्तुतीकरण में माहिर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज दिनभर जो ड्रामा किया, चुनाव आयोग द्वारा औपचारिक रूप से जारी प्रेस रिलीज से उनका झूठ पूरी तरह बेनकाब हो गया। उन्होंने कहा, दिनभर वे देश के सामने कहते रहे कि उन्हें चुनाव आयोग से मिलने नहीं दिया जा रहा है। लेकिन चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उससे मिलने के लिए इंडी गठबंधन अथवा कांग्रेस पार्टी की ओर से किसी भी प्रकार की कोई रिक्वेस्ट प्राप्त नहीं हुई थी। यानी, यह उनका झूठ नंबर वन है।



भाजपा सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग को शाम 4 बजे पुलिस के डीसीपी के माध्यम से जानकारी मिली कि नेता प्रतिपक्ष चुनाव आयोग से मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि उसने एक निर्धारित प्रक्रिया बना रखी है और कोई भी दल मिलना चाहे तो वह तत्काल मिलने के लिए तैयार है, लेकिन प्रतिनिधियों के माध्यम से।

त्रिवेदी ने दावा किया कि राहुल गांधी ने 300 सांसदों के साथ चुनाव आयोग के परिसर में जाने की बात कही। उन्होंने कहा, उन्होंने जिद की कि वे 300 सांसदों के साथ चुनाव आयोग के परिसर में जाएंगे, जो भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ और न ही वहां इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लिए व्यवस्था है।

ओमानी को-पायलट का खुलासा

जुलाई में ही थी 9/11 जैसे हमले की तैयारी

एजेन्सी, **दुबई**

30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजी 1073 के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर जानलेवा हमला करने वाले ओमानी को-पायलट हमाम अल-हमामी को लेकर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, हमामी ने इस 9/11 स्टाइल आतंकी हमले की साजिश जुलाई में ही रच ली थी, लेकिन एयरलाइन के एक क्रू सदस्य से दोस्ती के चलते उस समय अपना प्लान टाल दिया। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, अल-हमामी ने 30 सितंबर को होने वाले हमले की योजना फ्लाईदुबई में नौकरी शुरू करने से पहले ही बना ली थी। वह कथित तौर पर 9/11 जैसे हमले को अंजाम देना चाहता था।

उसकी योजना दुबई से तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट एफजी1073 को तेल अवीव की किसी ऊंची इमारत या बेन गुरियन एयरपोर्ट पर क्रैश कराने की थी। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, अल-हमामी ने संयुक्त अरब अमीरात के जांचकताओं को बताया कि उसने फ्लाईदुबई में नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले उन एयरलाइनों की तलाश की थी, जो तेल अवीव (इजरायल) के लिए उड़ानें संचालित करती हैं. इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फ्लाईदुबई के साथ काम करने के दौरान उसने बेन गुरियन एयरपोर्ट का कई बार दौरा किया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते सिंधिया के प्रयास - ग्वालियर में नई औद्योगिक क्रांति की शुरूआत

सिंधिया की पहल और निरंतर प्रयासों से ग्वालियर में आकार ले रहा एशिया का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन 24 से अधिक वैश्विक कंपनियां भी करेंगी भूमिपूजन

एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अनोखी पहल व निरंतर प्रयासों से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एशिया का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन अब आकार ले रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के भूमिपूजन समारोह में 29 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। उन्होंने सिंधिया के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए समारोह में शामिल होने की सहमति प्रदान की है।

ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया काउंटर मैग्नेट सिटी में प्रस्तावित यह परियोजना क्षेत्र को टेलीकॉम विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से ग्वालियर में न केवल बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश आएगा, बल्कि टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़ी विनिर्माण इकाइयों, तकनीकी नवाचार और रोजगार के नए अवसरों का व्यापक इकोसिस्टम भी विकसित होगा।



नियमित रूप से केंद्रीय मंत्री सिंधिया इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए संबद्ध मंत्रालय, और मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय एवं समीक्षा करते आ रहे हैं। परियोजना की प्रगति, भूमि, निवेश, बुनियादी ढांचे और उद्योगों की आवश्यकताओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर लगातार काम किया जा रहा है।

हाल ही में ग्वालियर में प्रस्तावित स्थल के निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने स्पष्ट किया था कि ळटे केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि ग्वालियर में टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़ी 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों को एक साथ विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य टेलीकॉम उपकरणों और विभिन्न कंपोनेंट्स के निर्माण के साथ डिजाइन, अनुसंधान एवं विकास, परीक्षण तथा नवाचार से जुड़ा एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है।

क्या है टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन ?

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन को विशेष आर्थिक क्षेत्र की तर्ज पर विशेष प्लग-एंड-प्ले मॉडल के अंतर्गत विकसित करने की योजना है। इस मॉडल के तहत कंपनियों को तैयार बुनियादी ढांचा, साझा सुविधाएं और आवश्यक औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे कम समय में अपनी विनिर्माण गतिविधियां शुरू कर सकें।

TMZ में टेलीकॉम उपकरणों एवं कंपोनेंट्स के निर्माण के साथ डिजाइन, अनुसंधान एवं विकास, परीक्षण तथा ऑप्टिकल फाइबर, सेमीकंडक्टर और 5G/6G जैसी उन्नत तकनीकों से जुड़े उद्योगों के विकास पर भी जोर रहेगा। यह पहल भारत को टेलीकॉम उत्पादों के विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने, घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाने और वैश्विक विनिर्माण श्रृंखला में देश की भागीदारी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

5,500 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव, 18,000 से अधिक रोजगार की संभावना

ग्वालियर में TMZ की स्थापना के लिए निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में निवेशकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठकें व रोड शो कीं। इन बैठकों व रोड शो के माध्यम से परियोजना की संभावनाओं, उपलब्ध सुविधाओं और निवेश के अवसरों को लेकर उद्योग जगत के साथ लगातार संवाद स्थापित किया गया। जुलाई 2026 में TMZ की स्थापना को लेकर केंद्रीय दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में निवेशक रोड शो आयोजित किए गए। दिल्ली में आयोजित रोड शो के दौरान कंपनियों की ओर से लगभग 3,500 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता सामने आई, जिससे करीब 14,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्राकृतिक खेती से सशक्त होंगे ग्रामीण, 3:4:5:88 समग्र कृषि मॉडल पर एक दिवसीय कार्यशाला

आईडीए के इवॉल- द ग्लोबल रनवे में रैंप पर दिखा 300 से अधिक डिजाइंस का जलवा

एक सत बुलेटिन, जबलपुर



इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए) की ओर से 4 अक्टूबर को आयोजित फैशन शो 'इवॉल- द ग्लोबल रनवे' में देशभर के युवा डिजाइनरों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। 20 से अधिक फ्रेंचाइजी से आए डिजाइनर्स ने 300 से अधिक पारंपरिक, फ्यूजन और वेस्टर्न परिधानों को रैंप पर प्रस्तुत किया। आईडीए की डायरेक्टर एवं फाउंडर बतुल अली ने बताया कि शो का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय मंच उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने ब्रांड और स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय मॉडल्स और अनुभवी कोरियोग्राफर्स के मार्गदर्शन में हुई कैटवॉक ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। ब्राउन एंड ब्लैक द लेदर स्टूडियो ने भी अपने विशेष लेदर कलेक्शन प्रस्तुत किए। बतुल अली ने बताया कि आईडीए के विद्यार्थी लंदन, मिलान और रोमानिया फैशन वीक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। आयोजन में नासिक, रीवा, बिलासपुर, जामनगर और वाराणसी से आए संस्थानों के निदेशकों सहित एकेएस विश्वविद्यालय और आईटीआई के प्रतिनिधि व विद्यार्थी भी शामिल हुए। मेकअप, स्टाइलिंग, ज्वेलरी और अन्य सहयोगी ब्रांड्स ने भी आयोजन में योगदान दिया। आईडीए की फैकल्टी टीम ने शो के सफल संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।आईडीए के 'इवॉल- द ग्लोबल रनवे' में रैंप पर दिखा 300 से अधिक डिजाइंस का जलवाः युवा डिजाइनरों ने बिखेरा अपनी कला का जादू इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी की ओर से आयोजित भव्य फैशन शो 'इवॉल- द ग्लोबल रनवे' में देश भर से आए युवा डिजाइनरों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता और कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में विभिन्न फ्रेंचाइजी से जुड़े डिजाइनर्स द्वारा तैयार किए गए 300 से अधिक पारंपरिक, फ्यूजन और वेस्टर्न परिधानों ने रैंप पर अपनी अनूठी चमक बिखेरी। इस विशेष फैशन शो में देश के विभिन्न हिस्सों से आए उभरते हुए डिजाइनरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 20 से अधिक फ्रेंचाइजी से जुड़े डिजाइनर्स ने अपनी कल्पनाशक्ति और आधुनिक फैशन के समन्वय से बने परिधानों को रैंप पर उतारा। पारंपरिक भारतीय लिबास से लेकर आधुनिक वेस्टर्न और फ्यूजन वियर तक, हर एक डिजाइन ने दर्शकों और फैशन प्रेमियों का मन मोह लिया। इस आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देश के कई अन्य शहरों से भी प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नासिक, रीवा, बिलासपुर, जामनगर और वाराणसी से आए विभिन्न संस्थानों के निदेशक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा, एकेएस विश्वविद्यालय और आईटीआई के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी इस फैशन शो का हिस्सा बने। फैशन और ग्लैमर के इस मंच पर केवल परिधान ही नहीं, बल्कि मेकअप, स्टाइलिंग, ज्वेलरी और अन्य सहयोगी ब्रांड्स ने भी अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईडीए पूरी फैकल्टी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनके कुशल मार्गदर्शन और संयोजन से यह ग्लोबल रनवे एक यादगार आयोजन बन गया। युवा डिजाइनरों के इस मंच ने साबित कर दिया कि देश की युवा प्रतिभाएं फैशन और डिजाइनिंग के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी एक मजबूत पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्या आप इस समाचार को और अधिक विस्तार देना चाहते हैं या इसमें किसी विशिष्ट अतिथि/संस्थान का विवरण जोड़ना चाहते हैं?

46 वाहन जब्त होने पर भड़के स्कूल वैन चालक, हड़ताल पर गए



जबलपुर। पुलिस और आरटीओ की अचानक कार्रवाई से नाराज स्कूल वैन और ईको चालकों ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। जाबालिपुरम् स्कूल वाहन चालक संघ की इस हड़ताल का सीधा असर स्कूली बच्चों पर पड़ा। वैन न चलने से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए ऑटो और अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उन्हें खासी परेशानी झेलनी पड़ी। संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक यातायात विभाग और आरटीओ ने 5 अक्टूबर को अचानक घेराबंदी कर संघ के अंतर्गत संचालित 46 वाहन जब्त कर लिए। चालकों का कहना है कि वे वर्षों से शहर के स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने का काम करते आ रहे हैं और इसी से उनके परिवार का पेट पलता है।

संघ के सचिव धनराज पटेल और उपाध्यक्ष अमित (छोटू प्रसाद) ने बताया कि वे राहत की उम्मीद में आरटीओ कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई समाधान नहीं मिला। अधिकारियों ने उन्हें कलेक्टर से मिलने की सलाह दी। इसके बाद मंगलवार को संघ के सदस्य शहर के एक चौक पर एकत्र हुए और विचार-विमर्श के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे। पदाधिकारियों ने कहा कि वे नियमों का पालन करने को तैयार हैं, लेकिन अचानक की गई कार्रवाई से सैकड़ों चालकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। संघ ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में निजी वाहनों को व्यावसायिक श्रेणी में बदलवाने के लिए विशेष शिविर लगाने और स्कूल बस, मिनीबस व ट्रैवलर की तरह स्कूली परमिट देने की मांग की है। चालकों ने जब्त वाहनों को राहत देने की भी अपील की है।

विधायक पुत्र को 'डिजिटल भिखारी' बताने वाले एआई वीडियो पर केस दर्ज

एक सत बुलेटिन, जबलपुर



सोशल मीडिया पर समाजसेवी विधायक पुत्र हर्ष इंदु तिवारी के नाम और पहचान का कथित तौर पर दुरुपयोग कर एआई तकनीक से भ्रामक व फर्जी वीडियो प्रसारित करने के मामले में मदनमहल पुलिस ने तीन मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब संबंधित नंबरों और सोशल मीडिया खाते की जांच कर रही है। मदनमहल थाना प्रभारी ने बताया कि राइट टाउन निवासी श्रेयांश बिल्थरे ने 26 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर 'डिजिटल भिखारी' नाम की आईडी से हर्ष तिवारी की पहचान का इस्तेमाल करते हुए एआई से तैयार किए गए कथित फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन वीडियो के जरिए लोगों के बीच भ्रम और गलत धारणा पैदा करने के साथ हर्ष तिवारी की सामाजिक प्रतिष्ठा और छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने संबंधित आईडी से जुड़े तीन मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई और उनके धारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शिकायत की जांच करने पर उल्लेखित आईडी डिजिटल भिखारी की जानकारी प्राप्त करते हुये तीन मोबाईल नम्बरों के धारकों के विरूद्ध धारा 319(2), 336(4), 340(2), 353(2), 356(1) बीएनएस तथा 66 सी, 66 डी आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गढ़ा रामलीला का 60वां मंचन महोत्सव आज से

जबलपुर। श्रीरामलीला समिति गढ़ा द्वारा 60वें मंचन महोत्सव का शुभारंभ आज 0 अक्टूबर बुधवार को रात्रि 8:30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम का आगाज जगद्गुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य के पूजन-अर्चन एवं आशीर्वाद के साथ होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्ध श्री मां दरबार गढ़ा के देवज्ञ पंडित अरुण शर्मा एवं ए.व्ही. सिंह कंस्ट्रक्शन के अजेत प्रताप सिंह रहेंगें। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान के मुकुट का विधिवत पूजन होगा। इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए समाजसेवी संतोष शुक्ला गुड्डू भैया एवं नरेश पटेल का अभिनंदन किया जाएगा। समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, पूजा कोष्टा एवं नीरज दुबे, दिनेश मिश्रा आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

विश्वविद्यालय का पूर्व स्वरूप बहाल किया अमृतसर ट्रेन पुन : शुरू करने की मांग

एक सत बुलेटिन, जबलपुर



जबलपुर सिख संगत रजि. के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष हरेंद्रजीत सिंह बब्बू के नेतृत्व में सांसद आशीष दुबे से मुलाकात कर सिख एवं पंजाबी समाज की प्रमुख समस्याओं तथा गुरुनानक नामलेवा सिकलीगर एवं बंजारा समाज के उत्थान से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कोविड महामारी के समय से बंद जबलपुर से अटारी (अमृतसर) तक चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन को पुनः शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस ट्रेन के संचालन से मध्यप्रदेश के जबलपुर सहित आसपास के जिलों में रहने वाले सिख एवं पंजाबी समाज को पंजाब तथा अमृतसर स्थित धार्मिक स्थलों की यात्रा में बड़ी सुविधा मिलती थी। ट्रेन बंद होने के कारण यात्रियों को दिल्ली जाकर ट्रेन बदलकर पंजाब जाना पड़ रहा है, जिससे विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है। इस अवसर पर संस्था के सचिव दलवीर सिंह जस्सल ने सांसद आशीष दुबे के समक्ष ज्ञापन को पढ़कर सुनाया तथा मांगों की विस्तार से जानकारी दी। दूसरे ज्ञापन में गुरुनानक नामलेवा सिकलीगर एवं बंजारा समाज की सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयों की ओर सांसद का ध्यान आकर्षित किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि रोजगार के सीमित साधनों और आर्थिक कठिनाइयों के कारण समाज के अनेक परिवार गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इनके बच्चों की शिक्षा, युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार, महिलाओं को घरेलू एवं ग्रामोद्योग का प्रशिक्षण तथा जरूरतमंद परिवारों को आवास एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष सरकारी योजनाएं शुरू करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सिख धर्म को मानने वाली ऐसी जातियां, जो केंद्र एवं राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनवा पा रही हैं, उनके लिए विशेष शिविर आयोजित कर जाति प्रमाण-पत्र बनवाए जाएं, ताकि वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से इन दोनों महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।

सुदर्शन जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

जबलपुर। संत शिरोमणी सुदर्शन महाराज की जयंती आगामी 24 नवंबर को सुदर्शन समाज जबलपुर द्वारा रथ के साथ विशाल शोभायात्रा निकालने को लेकर समाज में कार्यरत सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समाज के गणमान्य नागरिकों की संयुक्त बैठक कालीनंद महाराज के सानिध्य में तहसीली चौक स्थित डॉ अंबेडकर भवन में आयोजित हुई जिसमें शोभायात्रा को भव्य रुप देने कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, आयोजकों ने बताया कि शोभायात्रा, डॉ. अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए मालवीय चौक में समापन होगी यात्रा में बैंड दल धमाल, ढोल, नृत्य दल, डांडिया सहित विभिन्न प्रेरक झांकियों का समावेश होगा बैठक का संचालन अनिल ठकुरासी, एवं आभार सुखदीन कटारे ने किया इस अवसर पर श्याम बिरहा, पुरषोत्तम पछेल, देवदास विकास अर्खेल, सतीश बिरहा, मनोहर रान, आदि उपस्थित थे

स्मैक-गांजे की मुखबिरी के शक में युवक पर हमला, एसपी से कार्रवाई की मांग

एक सत बुलेटिन, जबलपुर



स्मैक और गांजे की मुखबिरी करने के शक में रामबाबा सोनकर पर कथित रूप से बेसबॉल के डंडे से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल रामबाबा के परिजनों ने एसपी की जनसुनवाई में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 29 अगस्त 2026 को गुरंदी बाजार गल्ला मंडी में एक दुकान के पास रामबाबा सोनकर को कुछ लोगों ने घेरकर बेसबॉल के डंडे से बुरी तरह पीटा। हमले में उसके कूल्हे की हड्डी और जोड़ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। विक्टोरिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया, जहां 29 अगस्त से 21 सितंबर तक उपचार और ऑपरेशन चला। शिकायतकर्ता के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान कूल्हे का जोड़ बदला गया।शिकायत में कुछ लोगों पर एकमत होकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में घायल के भाई सहित कुछ अन्य लोगों के नाम भी शिकायत में दिए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना के संबंध में बेलबाग पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई और राजनीतिक दबाव के कारण मामला दर्ज नहीं किया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों द्वारा पूर्व में भी मारपीट की घटनाएं की गई हैं। आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

तेज रफ्तार बाइक से टकराई गाय, मौके पर मौत

जबलपुर। बरेला टोल के पास मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार नशे की हालत में तेज गति से वाहन चला रहा था। बताया गया कि बिना नंबर की पल्सर बाइक से युवक बरेला टोल की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क पार कर रही गाय अचानक बाइक के सामने आ गई। तेज रफ्तार बाइक की गाय से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से युवक घायल हो गया।

हंसिया से हमला करने वाले पति-पत्नी को 6-6 माह की सजा और अर्थदंड

एक सत बुलेटिन, जबलपुर

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पाटन के न्यायालय ने हंसिया से मारपीट करने के मामले में पति-पत्नी को दोषी पाते हुए 6-6 माह के कारावास और 1300-1300 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला वर्ष 2018 में बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रजोला में हुई मारपीट से जुड़ा है। न्यायालय ने आरोपी 40 वर्षीय दशरथ प्रसाद मेहरा और उसकी पत्नी 35 वर्षीय गंगोत्री बाई, दोनों निवासी ग्राम रजोला, थाना बेलखेड़ा, को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 324/34, 324 और 323 के तहत दोषी माना। अभियोजन के अनुसार, 1 फरवरी 2018 को नीलेश मेहरा ने बेलखेड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घटना सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच की है। दशरथ मेहरा अपने खेत में हंसिया से राहड़ काट रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर वह गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर दशरथ, राहुल और दशरथ की पत्नी गंगोत्री बाई ने ईंट फेंककर मारपीट शुरू कर दी। ईंट लगने से शिकायतकर्ता के दाहिने कंधे में चोट आई। इसके बाद राहुल और दशरथ ने हंसिया से हमला कर दिया। हमले में नीलेश की मां माया बाई के माथे और सिर के पिछले हिस्से तथा दादी श्याम बाई के माथे में चोट लगी और खून निकल आया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामलें की विवेचना कर पुलिस ने चालान न्यायालय में पेश किया अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जतिन तिवारी ने पैरवी की। मामले में कुल 9 अभियोजन साक्षियों के बयान कराए गए। अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 6 माह का कारावास एवं कुल 1300 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

महापुरुषों को नमन कर स्वच्छता का लिया संकल्प

महापुरुषों को नमन कर लिया संकल्पः सांई विजन एनजीओ ने चलाया विशेष अभियान

एक सत बुलेटिन, जबलपुर

देश की आजादी में अपना महान योगदान देने वाले महापुरुषों, राष्ट्रनायकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करना हम सभी के लिए गौरव का अवसर है। इसी भावना के साथ सांई विजन एनजीओ जबलपुर द्वारा पिसनहारी मढ़िया चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुमन कुमार जैन ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर को गौरवान्वित करने में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके त्याग और संघर्ष से हमें राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम और राष्ट्र के प्रति निष्ठा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में जबलपुर की बेहतर स्थिति के पीछे शहरवासियों के छोटे-छोटे प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो जबलपुर को पूरे देश में स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर एक स्थान पर लाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की शपथ भी ली। कार्यक्रम का आयोजन सांई विजन एनजीओ जबलपुर की संस्था प्रमुख श्रीमती बीना सिंह के नेतृत्व में नगर निगम जबलपुर के सहयोग से किया गया। इस दौरान दीपक दुबे, ऋतिक रैकवार, शेखर रजक, जीत सिंह, वेदांत राजपूत, गौरव केवट सहित संस्था के सहयोगियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में माल्यार्पण किया। इस अवसर



पर सफाई मित्रों द्वारा शहर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे योगदान की भी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में वर्णी दिगंबर जैन गुरुकुल स्कूल की छात्राओं की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। अभियान की समाजसेवी सरदार दलवीर सिंह जस्सल, राजकुमार जैन मामा जी, राजू यादव, नेक राम पटेल और राजेंद्र जैन बंधु सहित अन्य लोगों ने सराहना की। स्वच्छता के मुद्दे पर बात करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज स्वच्छता के क्षेत्र में जबलपुर की जो बेहतर स्थिति बनी है, उसके पीछे शहरवासियों के छोटे-छोटे लेकिन सार्थक प्रयासों की बहुत बड़ी भूमिका है। यदि शहर का प्रत्येक नागरिक अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने का संकल्प ले, तो वह दिन दूर नहीं जब जबलपुर पूरे देश में स्वच्छता के मामले में नंबर एक स्थान हासिल कर लेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और पॉलीथिन मुक्त रखने की सामूहिक शपथ ली। यह पूरा प्रेरणादायक आयोजन सांई विजन एनजीओ की संस्था प्रमुख श्रीमती बीना सिंह के कुशल नेतृत्व एवं नगर निगम जबलपुर के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्णी दिगंबर जैन गुरुकुल स्कूल की छात्राओं की विशेष सहभागिता रही, जिसने युवाओं में स्वच्छता और देशप्रेम का संदेश मजबूती से पहुंचाया। इस अवसर पर सफाई मित्रों द्वारा शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए प्रतिदिन किए जा रहे अथक प्रयासों और उनके योगदान की भी खुले दिल से प्रशंसा की गई।

न्यूज ब्रीफ

मुख्य मार्गों के गड्ढों पर निगम ने कराई पेच रिपेयरिंग



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए बरसात के बाद सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य निरंतर तेजी के साथ किया जा रहा हैं। सहायक यंत्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज राधापुरम गली नम्बर-2 डीपीसी गली मोड तक, मंषा देवी माता मंदिर झांसी रोड पर, शील नगर, टीपीटी लाइन मोहनपुर, साईं नगर फेस-2, हरिशंकरपुरम, पारस विहार कॉलोनी नाका चन्द्रबदनी, नगर निगम कॉलोनी मुरार, न्यू ग्रेसिम विहार कॉलोनी, घोसीपुरा बीजासेन माता मंदिर, पटेल नगर सिटी सेंटर क्षेत्र सहित अन्य मुख्य मार्गों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

सिरोल रोड तक डिवाइडरों की सफाई, बढ़ी मार्ग की सुंदरता



ग्वालियर। नगर निगम के पार्क विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर डिवाइडरों की सफाई, झाड़ियों की कटाई और कचरा उठाने का कार्य अभियान चलाकर कराया।

पार्क अधीक्षक भूपेंद्र सासोड ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी एवं अपर आयुक्त प्रदीप तोमर के निर्देषानुसार उपायुक्त मुकेष बंसल के निर्देषन में शहर के डिवाइडारों एवं सडकों के किनारे साफ सफाई कराई गई। जिसमें आज उद्यान निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह राजावत के द्वारा रेलवे प्लेटफार्म नंबर 4 से लोको, बिजली घर तक तक रोड डिवाइडर एवं रोड किनारो पर साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही उद्यान पर्यवेक्षक श्री दिनेश कुशवाहा के द्वारा एयरपोर्ट तिराहा से दीनदयाल नगर गेट नंबर 1 तक रोड डिवाइडर एवं रोड किनारो पर साफ सफाई कराई गई।

अवैध अतिक्रमण को हटाकर यातायात को बनाया सुगम



ग्वालियर। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और अवैध अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़कों से अवैध दुकानों, हाथ-ठेलों और अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाया गया। मदाखलत के नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देष मदाखलत अमले ने ग्वालियर विधानसभा के स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह ठाकुर के निर्देशन में मदाखलत दल एवं स्वास्थ्य अमले की संयुक्त टीम द्वारा चार शहर का नाका रोड ग्वालियर पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सडक पर गंदगी फैलाने एवं डस्टबिन का उपयोग न करने पर जुर्माना लगाया और भविष्य मे गंदगी न फैलाने की हिदायत दी गई। साथ ही दुकानदारों के दुकान के बाहर रखे सामान को मदाखलत द्वारा हटवाया गया एवं बेटी बचाओ चौराहा तक संचालित मीट और मछली की दुकानों के दुकानदारों को वाहन द्वारा एनाउसमेंट कर गुमटियों को हटाने की हिदायत दी गई। साथ ही ग्रामीण विधानसभा में लाल टिपारा गौशाला स्थित शासकीय स्कूल में बंधी हुई भैसों को हटाने की कार्यवाही की गई एवं हिदायत दी गई की दोबारा बांधने पर जब्ती की जाएगी।

मकान में 4 दिन में 20 बार लगी आग:

ग्वालियर के परिवार ने सड़क पर फैलाया सामान आग बुझाते ही नई जगह उठने लगता है धुआं-धुआ

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर





ग्वालियर के सिकंदर कंपू इलाके में एक परिवार लगातार लग रही आग से परेशान है। घर के मुखिया जितेंद्र राव थोराठ के घर और नर्सरी में शनिवार से आग लग रही है। उनके मुताबिक, चार दिन में करीब 20 बार आग लग चुकी है। आग बुझाने के कुछ देर बाद ही घर के दूसरे सामान में धुआं उठने लगता है। पहले प्लास्टिक के सामान और कपड़ों में आग लगी। परिवार ने पानी से आग बुझाई, लेकिन करीब एक घंटे बाद दूसरी जगह फिर आग लग गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर अमले ने कई बार आग बुझाई, लेकिन घटनाएं नहीं रुकीं। घबराए परिवार ने घर में रखे कपड़े, कागज, प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामान बाहर निकालकर सड़क पर फैला दिया। इसके बावजूद मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे बाहर रखे सामान में भी आग लग गई। परिवार का कहना है कि आग लगने की वजह समझ नहीं आ रही है। सड़क पर रहने को मजबूर परिवार जितेंद्र राव की चेतकपुरी में नर्सरी है। घर के सामने प्लांट में प्लास्टिक के गमले और अन्य सामान रखा था। परिवार के मुताबिक, यहां भी करीब 11 बार आग लग चुकी है। लगातार आग लगने से परिवार घर छोड़कर सड़क पर रहने और रात में जागकर निगरानी करने को मजबूर है। कमरों में पानी की बाल्टियां रखी गई हैं और सामान को अलग-अलग फैलाकर रखा गया है, ताकि आग लगने पर नुकसान कम हो। आग की वजह स्पष्ट नहीं होने से परिवार द्वारा सुंदरकांड कराया जा रहा है। करीब 50 घंटे से लगातार हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा है। शंकर राव थोराठ ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे नर्सरी में रखे प्लास्टिक के गमलों में आग लगी थी। पानी से आग बुझाने के करीब एक घंटे बाद दूसरी जगह फिर आग लग गई। उनके मुताबिक, शनिवार को ही करीब छह बार आग लगी। मंगलवार सुबह 10:30 बजे तक आग लगने की घटनाएं जारी रहीं। पड़ोसी मनोरमा ने बताया कि उन्होंने शनिवार को आग लगते हुए देखा था। लगातार आग लगने से मोहल्ले के लोग भी डरे हुए हैं और दिन-रात निगरानी कर रहे हैं। पुलिस और फायर अमला आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटा है। चार दिन बाद भी आग की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि आग लगने का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। घर के किसी कोने में आग बुझाई जाती है, तो तुरंत ही दूसरी नई जगह से धुआं उठने लगता है और आग भड़क जाती है। लगातार हो रही इन घटनाओं से परिवार के लोग मानसिक रूप से बेहद तनाव में हैं। आग की इन अचानक और बार-बार होने वाली वारदातों के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर परिवार घर के अंदर लगातार हो रहे हादसों के डर से परिवार ने अपनी जान बचाने के लिए घर का सारा जरूरी सामान बाहर सड़क पर निकाल लिया है। अब पूरा परिवार सड़क पर ही खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है।

दो दिन पानी की सप्लाई पर असर, ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के रहवासी रहें तैयार

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



जल शोधन संयंत्र मोतीझील के अन्तर्गत रक्कास पहाडी टैंक से बेंचुरी मीटर तक 750 एम.एम. ब्यास की नवीन डी.आई पाईप लाईन बिछाई गई है जिसके मिलान हेतु दिनांक 08.10.2026 से 09.10.2026 तक दो दिवस का शटडाउन लिया जाना है।

कार्यपालन यंत्री शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि जल शोधन संयंत्र मोतीझील के अन्तर्गत रक्कास पहाड़ी टैंक से बेंचुरी मीटर तक 750 एम.एम. ब्यास की नवीन डी.आई पाईप लाईन बिछाई गई है जिसके मिलान हेतु दिनांक 08.10.2026 से 09.10.2026 तक दो दिवस का शटडाउन लिया जाना है, जिससे दिनांक 08.10.2026 को सागर ताल चौराहे से बहोडापुर की ओर शील नगर, चन्द्रनगर, अपना घर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में शाम को दिये जाने वाला जल प्रदाय सुबह 8.00 बजे से किया जावेगा।

इसके साथ ही साथ ही दिनांक 09.10.2026 से 10.10.2026 तक रक्कास टैंक से ग्वालियर विधानसभा के निम्न वार्डो के क्षेत्र में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। जिसमें दिनांक 09.10.2026 को वार्ड कमांक 06 हथियापौर, कृष्णा नगर, वार्ड क्रमांक 08, 15 में नरसिंह नगर, कल्लू काछी की बगिया, नहर पटटी, वार्ड कमांक 09 राजा की मण्डी, जेसी. मील की लाईने, गोसपुरा नं. 01, 02, वार्ड कमांक 21 में गोला का मन्दिर चौराह, हनुमान नगर, महावीर नगर आदि क्षेत्र।

7 अक्टूबर को सेवा ज्योति संकल्प यात्रा कृषि विश्वविद्यालय में जुटेंगे प्रतिभागी

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' जिला मुख्यालय से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुँचेगी। जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर को प्रातः 9.45 बजे वर्चुअली संबोधित करेंगे। जिला स्तर पर 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित हो।

इस यात्रा में समाज के सभी वर्ग बढ़चढ़कर भागीदारी करें। सभी व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह बात कही। समारोह में प्रदेश के मंत्रिगण, सांसद, विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे। 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' की तैयारियों के लिये वर्चुअली आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश के उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इसके साथ ही संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, प्रभारी आईजी असित यादव, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत सहित विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए।

घर का ताला तोड़कर चोरी, पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर जिले में चोरों, नकबजनों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक यशवंत गोयल ने पुलिस टीम को अप.क्र. 362/26 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस के अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु लगाया गया।दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये जाकर संदिग्धों को चिन्हित किया गया और संदिग्धों की पहचान पवन राजावत एवं उदय सोनी के नाम से की गई। पूछताछ में उन्होने अपने नाम पवन उर्फ प्रतिभान सिंह राजावत एवं उदय सोनी बताया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से उक्त प्रकरण के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को थाना महाराजपुरा के अपराध सदर में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पेष कर पुलिस रिमांड लिया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर उक्त प्रकरण में चोरी गया माल मषरूका के संबंध में पूछताछ कर दोनों आरोपियों की निषादेही पर चोरी का सामान 01 एचपी का लैपटॉप मय चार्जर व माउस, 02 जोड़ी बच्चों के चांदी के कड़े, 02 जोड़ी चंदा सूरज हाय कुल सोने का वजन 110 ग्राम व चांदी का वनज 150 ग्राम कुल कीमती लगभग 16 लाख 70 हजार रूपये का माल मषरूका विधिवत जप्त किया गया।

अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, प्रदीप सिंह तोमर एवं मुनीष सिकरवार ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 55 शिवाजी नगर के निवासी गणों ने शिवाजी नगर आमखो पर शासकीय नाले पर किये गए अवैध कब्जे को हटवाये जाने के संबंध में, वार्ड 58 चेतकपुरी के निवासी गणों ने जी-1 ई-16 ब्लॉक में अमृत योजना के तहत पेयजल लाइन डलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 29 शारदा विहार न्यू हाईकोर्ट के पास निवासी श्रीमती कनक शर्मा ने गंदे पानी की समस्या के संबंध में, वार्ड 1 में 20 सूत्रीय नगर निवासी श्री जयराम पाल ने आवेदन देकर बताया कि उनके घर के पीछे भैंस डेयरी में लगभग 40 भैंसे रखी गई है, डेयरी संचालक द्वारा भैंसे नहलाने और सफाई करने पर गंदा पानी और गोबर घरों तक आता है तथा गोबर सीवर में बहाया जाता है, आवेदक ने उचित कार्यवाही सहित अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन अपर आयुक्त को दिए। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 42 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

निगमायुक्त ने की पीआईयू, स्मार्ट सिटी एवं एनकैप के कार्यों की समीक्षा

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी ने बाल भवन में आयोजित बैठक में पीआईयू, एनकैप एवं स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में पीआईयू के अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी अधिकारियों द्वारा निगमायुक्त को दी गई। इसमें गौशाला में स्थापित किए जा रहे 400 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट, इंटरलॉकिंग टाइल्स, पेवर सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। निगमायुक्त ने इन कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने को कहा। बैठक में शहर में पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर भी विशेष चर्चा हुई। वर्टिकल गार्डन, मिस्ट कूलिंग सिस्टम तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) प्लांट से संबंधित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि इन परियोजनाओं को निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूरा किया जाए, ताकि इनका लाभ शहरवासियों को समय पर मिल सके। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की गई।

आग के डर से घर का सामान सड़क पर फैलाया

बुझाते ही दूसरी जगह उठने लगता है धुआं, घर छोड़कर सड़क पर रहने को मजबूर परिवार

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर

सिकंदर कंपू इलाके में एक परिवार बीते चार दिनों से रहस्यमय तरीके से बार-बार लग रही आग से बेहद परेशान है। घर और नर्सरी परिसर में लगातार आग की घटनाओं ने परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। परिवार के मुखिया जितेंद्र राव थोराठ के मुताबिक, शनिवार से मंगलवार सुबह तक करीब 20 बार आग लग चुकी है। खास बात यह है कि एक स्थान पर लगी आग बुझाने के कुछ ही समय बाद घर या परिसर में दूसरी जगह से धुआं उठने लगता है और देखते ही देखते वहां भी आग भड़क जाती है। लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिवार का कहना है कि शुरुआत में प्लास्टिक के सामान और कपड़ों में आग लगी। उन्होंने तत्काल पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझने के करीब एक घंटे बाद घर में दूसरी जगह रखे सामान से दोबारा धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर अमले ने मौके पर पहुंचकर कई बार आग पर काबू पाया, लेकिन कुछ समय बाद फिर दूसरी जगह आग लगने की घटनाएं सामने आती रहीं। लगातार आग लगने के कारण परिवार को यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर आग शुरू होने की वजह क्या है।

बार-बार आग लगने की घटनाओं से घबराए परिवार ने घर के अंदर रखा ज्वलनशील सामान बाहर निकालना शुरू कर दिया। कपड़े, कागज, प्लास्टिक और अन्य



सामान को सड़क किनारे अलग-अलग स्थानों पर फैलाकर रखा गया, ताकि घर के अंदर आग लगने की स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके। परिवार को उम्मीद थी कि सामान बाहर निकालने के बाद आग की घटनाएं थम जाएंगी, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे सड़क पर रखे सामान में भी आग लग गई। इससे परिवार की चिंता और बढ़ गई।

परिवार के सदस्यों का कहना है कि आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। वे लगातार अपने सामान की निगरानी कर रहे हैं और थोड़ी-सी भी गर्मी या धुआं दिखाई देने पर तत्काल पानी डालकर आग बुझाने में जुट जाते हैं।

नर्सरी में भी कई बार लग चुकी है आग

जितेंद्र राव थोराठ की चेतकपुरी इलाके में नर्सरी है। घर के सामने स्थित प्लांट में प्लास्टिक के गमले और अन्य सामग्री रखी हुई थी। परिवार के मुताबिक, नर्सरी परिसर में भी कई बार आग लग चुकी है। यहां करीब 11 बार आग लगने की बात परिवार ने बताई है। प्लास्टिक के गमलों और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग फैलने का खतरा भी बना हुआ है। आग की लगातार घटनाओं के कारण परिवार ने घर के भीतर रहना लगभग बंद कर दिया है। परिजन घर से बाहर सड़क पर रहने को मजबूर हैं। रात के समय भी परिवार के सदस्य जागकर निगरानी करते हैं, ताकि कहीं से धुआं उठते ही तत्काल आग बुझाई जा सके। कमरों में पानी की बाल्टियां तैयार रखी गई हैं और घर के सामान को भी अलग-अलग स्थानों पर फैलाकर रखा गया है। 50 घंटे से जारी हनुमान चालीसा का पाठ आग की वजह स्पष्ट नहीं होने से परिवार मानसिक रूप से भी परेशान है।

संपादकीय

दिल्ली में कांग्रेस किसी चमत्कार के भरोसे

दिल्ली भले केन्द्र शासित प्रदेश है। कुल 1483 वर्ग मीटर का एक शहर है लेकिन देश की राजधानी होने के चलते दिल्ली का राजनीतिक समीकरण पूरे देश का दिशासूचक माना जाता है। दिल्ली विधानसभा में पिछले फरवरी से भाजपा का बहुमत है यानी दिल्ली सरकार में भाजपा का शासन है। जिन मतदाताओं के समर्थन से कांग्रेस परंपरा तोड़ कर साल 1998 से 2012 तक शासन में रही, उन्हीं मतदाताओं के समर्थन से आम आदमी पार्टी (आआपा) दस साल प्रचंड बहुमत से दिल्ली सरकार में काबिज रही। यह माना जाता रहा है कि आआपा न तो कार्यकताओं की पार्टी है और न उसकी कोई विचारधारा है। वह तो पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल की पार्टी है जो मुफ्त की योजनाओं के लाभार्थियों की पार्टी है। एक बार पराजित होते ही इसके बिखरने का खतरा बना। अगर पंजाब में आआपा की सरकार न होती तो यह पार्टी तेजी से बिखर जाती।

समस्या यह है कि कांग्रेस आआपा की जगह यानी विकल्प बनने को तैयार नहीं लगती। न तो संगठन दिखता है और न ही जमीन से जुड़े नेता। शीला दीक्षित के समय के कई नेता या तो बूढ़े हो गए या दुनिया से विदा हो गए। जो बच गए उनमें कई पार्टी छोड़ गए या घर बैठ गए। कुछ से तो सत्ता का नशा (हैंगओवर) उतर ही नहीं रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस ने साल 2008 में आखिरी बार विधानसभा चुनाव जीता था। उस चुनाव में जीत के साथ शीला दीक्षित लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनी थी। उस चुनाव में कांग्रेस की जीत का एक कारण तो भाजपा की ओर से आखिरी समय में मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बदलना माना गया लेकिन एक बड़ा कारण 2006-7 का दिल्ली का परिसीमन भी था। शीला दीक्षित के समर्थन से उनके करीबी वरिष्ठ कांग्रेस नेता चतर सिंह ने जी जान से परिसीमन आयोग के साथ मिलकर दिल्ली का ऐसा परिसीमन कराया जिससे भाजपा के खांटी इलाके 15 विधानसभा सीटों में सिमट गए।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। चुनाव आयोग के मतदाता जांच अभियान यानी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काटे जा रहे वोटरों को कांग्रेस मुद्दा नहीं बना पाई। पिछले दिनों उन्होंने संवाददाता सम्मेलन करके बताया कि 2025 विधानसभा चुनाव के समय कुल एक करोड़ 56 लाख 26 हजार 756 वोटर थे। इसमें 94 लाख 34 हजार 638 वोट पड़े। इसमें यदि आयोग के वर्तमान आंकड़े जिसमें एक करोड़, 45 लाख 10 हजार 299 मतदाता घटा दें तो फिर 11 लाख 20 हजार 495 मतदाता कहां गए?

किसी को नोटिस नहीं मिली। कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया और एक दल के इशारे पर जिस विधानसभा में लगा कि भाजपा की स्थिति कमजोर है और विपक्ष मजबूत तो वहां के वोटर को सीधे कम कर दिया गया। उन्होंने साल 1993 से लेकर अभी तक के वोटरों की संख्या, कितने वोट डाले और कितने फीसदी मतदान पड़े, इसके सिलसिलेवार आंकड़े प्रस्तुत किए। चतर सिंह ने बताया कि दिल्ली में जनगणना के हिसाब से 68 से 70 फीसदी युवा हैं। यहां एक करोड़ 61 लाख 39 हजार 364 सौ वयस्क मतदाता होना चाहिए। एसआईआर के बहाने इन्होंने 47 लाख 56 हजार 722 सौ वोटरों के नाम काट दिए। तर्क दिया गया कि इसका फार्म नहीं आया या वे अपना पुख्ता कागजात दिखा नहीं पाए। उनका दावा था कि जिस तरह महाराष्ट्र में नौ लाख और बीते विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम काट दिए गए। उसी तरह दिल्ली में नाम काटे जा रहे हैं। देशभर में कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी दल इसे मुद्दा बनाए हुए हैं लेकिन दिल्ली में संगठन के अभाव में यह मुद्दा बन ही नहीं रहा है।

कॉकरोच जनता पार्टी के जिस जेन जी आंदोलन से भाजपा की अगुवाई वाली सरकार को धाराशायी करने का विपक्ष दावा कर रहा है, उसी जेन जी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में भाजपा समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् को इस बार भी जीत दिला कर विपक्ष के दावे की कलई खोल दी। आआपा को तो हर स्तर पर भाजपा की ताकत बढ़ने और कांग्रेस की जमीन खिसकने का अंदाजा साल 2024 के लोकसभा चुनाव में हो गया था। उस चुनाव में कांग्रेस का आआपा से सीटों का तालमेल था।

ब्रिक्स और शाकाहार बनाम मांसाहार

डा. अश्विनी महाजन

> अगर दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज की मुश्किलों से बचाना है तो शाकाहार को तेजी से बढ़ावा देना होगा। इससे हमें ग्लोबल वार्मिंग से कुछ राहत मिल सकती है। शायद यही कारण रहे हों कि ब्रिक्स सम्मेलन में केवल शाकाहार परोसा गया

12 और 13 सितंबर 2026 को हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद, संयुक्त घोषणापत्र से जुड़े असली मुद्दों- यानी उठाए गए, सुलझाए गए या नजरअंदाज किए गए मुद्दों- पर बात करने के बजाय, विपक्ष ने एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा करना चुना जो असल में कोई मुद्दा ही नहीं है : ब्रिक्स में सिर्फ शाकाहारी खाना क्यों परोसा गया। शायद विपक्ष ब्रिक्स के एजेंडे पर चर्चा नहीं करना चाहता, क्योंकि इसमें सरकार को फायदा मिल सकता है। सरकार अलग-अलग राय रखने वाले पक्षों को कई अहम मुद्दों पर एक साथ लाने में कामयाब रही है, जैसे कि मुक्त और निष्पक्ष व्यापार, घरेलू मुद्राओं में व्यापार, और ग्लोबल वैल्यू चेन व जरूरी खनिजों को हथियार की तरह इस्तेमाल पर रोक। साथ ही, संयुक्त घोषणा पत्र में नागरिक और परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने वालों और व्यापारिक रास्तों को रोकने वालों की निंदा भी की गई है। इंडियन नेशनल कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी का तर्क है कि सरकार एक खास विचारधारा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है जो शाकाहार को पसंद करती है, और इसलिए वे उन लोगों को नजरअंदाज कर रहे हैं जो मांसाहारी हैं। शायद वे नरेंद्र मोदी के इस कदम के लिए आरएसएस की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, इंडी अलायंस के सहयोगी भी इस मुद्दे पर उनके साथ नहीं हैं, लेकिन किसी तरह कांग्रेस को लगता है कि उन्हें मांसाहारियों का समर्थन मिलेगा, जो उनके अनुसार आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा हैं। हालांकि यह कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन यह विवाद हमें शाकाहार बनाम मांसाहार के मुद्दे पर चर्चा करने का मौका देता है। स्पष्ट करना होगा कि यह लेख मांसाहार का विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए शाकाहार के महत्व को उजागर करने के लिए लिखा गया है।

हालांकि राहुल गांधी का दावा है कि 80 प्रतिशत भारतीय मांसाहारी हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हवाला दिया जाने वाला प्यू रिसर्च सर्वे (2021) कहता है कि लगभग 39 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रूप में मांस नहीं खाते हैं। यानी इस सर्वे में 39 प्रतिशत लोगों ने खुद को शाकाहारी बताया। ज्यादातर भारतीय कभी-कभी ही मांस खाते हैं। इससे पता चलता है कि भारत में प्रति व्यक्ति मांस की खपत 3.1 किलोग्राम प्रति वर्ष है, जबकि अमरीका में यह 109 किलोग्राम, यूरोप में 84 किलोग्राम और दुनिया भर में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 44.5 किलोग्राम है। जबकि भारत की 39 प्रतिशत आबादी पूरी तरह शाकाहारी है, दूसरे देशों में मुश्किल से 3 से 5 प्रतिशत आबादी ही शाकाहारी है। भारत में दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत शाकाहारी आबादी रहती है और यहां के लोगों का औसत मांस का सेवन अमरीका के मुकाबले बहुत कम (सिर्फ 2.8 प्रतिशत) है, यही बात भारत में शाकाहार के इतने बड़े पैमाने पर होने की वजह बताती है। असल में, कई भारतीय मांसाहारी होने के बावजूद धार्मिक मान्यताओं के कारण कुछ खास तरह का मांस नहीं खाते हैं। उदाहरण के लिए, हिंदू और सिख बीफ (गोमांस) नहीं खाते, जैन धर्म में किसी भी तरह का मांस खाना मना है, और मुसलमान सुअर का मांस नहीं खाते। हाल के दिनों में शाकाहार के अंदर ही एक नया चलन बढ़ा है, जिसे वीगन मूवमेंटह्व कहा जाता है। इसमें मांस के अलावा दूध और दूध से बनी चीजों जैसे जानवरों से मिलने वाले अन्य उत्पादों का इस्तेमाल न करने की भी सलाह दी जाती है। उनका तर्क है कि दूध के उत्पादन में जानवरों के साथ क्रूरता होती है। माना जाता है कि दुनिया की 1 से 2 प्रतिशत आबादी ने वीगन खानपान अपना लिया है। हालांकि, वीगन जीवनशैली का काफी विरोध भी होता है, विरोध करने वालों का तर्क है कि दूध (जिसे शाकाहारी माना जाता है) का सेवन न करने से पशुपालन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के मौकों को नुकसान पहुंच सकता है। यह समझना जरूरी है कि दूध का उत्पादन और डेयरी उत्पादों का सेवन हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है।

आज इनसानियत पृथ्वी के बढ़ते तापमान के रूप में एक बड़े संकट का सामना कर रही है, जिसे ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। औद्योगीकरण की शुरूआत के बाद से पृथ्वी का तापमान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है और आबादी पांच गुना बढ़ गई है। यह सच है कि ग्लोबल वार्मिंग मुख्य रूप से औद्योगीकरण का नतीजा है, लेकिन एक तरफ खाने-पीने की चीजों का ज्यादा उत्पादन और दूसरी तरफ खाने की बबार्दी ने भी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में काफी योगदान दिया है, जिससे आखिरकार ग्लोबल वार्मिंग हो रही है। जीडीपी बढ? के साथ लोगों की आमदनी भी बढ़ी है, और इसके साथ ही उपभोक्ता वस्तुओं पर फिजूलखर्ची और खाने की बबार्दी भी बढ़ गई है। शाकाहार बनाम मांसाहार की इस बहस में, आंकड़ों को समझना जरूरी है। ध्यान देने वाली बात है कि दुनिया की 71 प्रतिशत जमीन पानी से ढकी है, जबकि सिर्फ 29 प्रतिशत जमीन है। इस 29 प्रतिशत में से सिर्फ 20 प्रतिशत रहने लायक है, 10 प्रतिशत खेती के काम आती है, और खेती लायक जमीन में से सिर्फ 2.4 प्रतिशत पर फसल उगाई जाती है और 8 प्रतिशत का इस्तेमाल पशुपालन के लिए होता है।

जमीन का यह 2.4 प्रतिशत हिस्सा इनसानों की 83 प्रतिशत कैलोरी और 63 प्रतिशत प्रोटीन की जरूरतें पूरी करता है, जबकि पशुपालन में इस्तेमाल होने वाली लगभग 77 प्रतिशत खेती की जमीन इनसानों की कैलोरी की सिर्फ 17 प्रतिशत और प्रोटीन की 37 प्रतिशत जरूरतें ही पूरी करती है। भारत के पास दुनिया की जमीन का सिर्फ 2 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि हमारी आबादी दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है। भारत में दुनिया के 30 प्रतिशत पशुधन और 8 प्रतिशत जैव-संसाधन हैं। इतनी बड़ी आबादी के लिए भोजन पैदा करने के साथ-साथ, भारत अपने जैव-संसाधनों को बचाने में भी सफल रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत में ज्यादातर लोग शाकाहारी हैं, और जो लोग मांस खाते भी हैं, उनमें से ज्यादातर कभी-कभी ही ऐसा करते हैं। भारत में पशुपालन दुनिया की मांसाहारी आबादी की जरूरतें भी पूरी करता है। ध्यान देने वाली बात है कि भारत हर साल 13 मिलियन मीट्रिक टन भैंस का मांस निर्यात करता है, इसके अलावा लगभग 50 अरब अमरीकी डॉलर मूल्य के अन्य खाद्य उत्पाद भी निर्यात करता है।

पत्रकारिता और सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर

उमा ठाकुर

पत्रकारिता एक विधा है, जिसका अपना इतिहास, सिद्धांत, आचार संहिता, भाषा, कानूनी दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व है। पत्रकारिता के विद्यार्थी वर्षों तक समाचार लेखन, संपादन, मीडिया कानून, प्रेस नैतिकता, जनसंचार सिद्धांत, फोटो पत्रकारिता, रेडियो पत्रकारिता, टीवी पत्रकारिता, डिजिटल पत्रकारिता और मीडिया अनुसंधान का अध्ययन करते हैं। किसी भी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले तथ्य जांचना, संबंधित पक्ष का मत लेना, दस्तावेजों की पुष्टि करना और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखना पत्रकारिता का मूल आधार है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक और गंभीर चुनौती क्लिकबेट संस्कृति की है। कई बार शीर्षक ऐसा बनाया जाता है जिससे पाठक या दर्शक आकर्षित हो जाए, जबकि वास्तविक सामग्री उससे बिल्कुल अलग होती है।



आज अनेक युवा कैमरे के सामने लोकप्रिय होने की होड़ में अपनी भाषा, पहनावे और व्यवहार को कृत्रिम रूप से बदल रहे हैं। हैलो गाइज, लाइक, शेयर और सब्सक्राइब करना मत भूलना, जैसे वाक्य आज एक नई डिजिटल संस्कृति का हिस्सा बन चुके हैं

सूचना क्रांति के इस युग में दुनिया हमारी हथेली पर सिमट गई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने संचार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। कभी समाचारों के लिए लोगों को अगले दिन का अखबार, रेडियो का निर्धारित बुलेटिन या टेलीविजन के समाचार कार्यक्रमों का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर घटनाएं घटने के कुछ ही क्षणों में करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती हैं। सूचना का यह तीव्र प्रवाह लोकतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इसी डिजिटल क्रांति ने एक नए वर्ग को जन्म दिया है, जिसे आज सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर कहा जाता है। एनफ्लुएंसर समाज का हिस्सा हैं और उनमें से अनेक शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, पर्यावरण, कृषि, पर्यटन, संस्कृति, उद्यमिता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कई प्रतिभाओं को पहचान दिलाई है, छोटे व्यापारियों को बाजार उपलब्ध कराया है और दूरदराज की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाया है। लेकिन इसके साथ ही एक ऐसी प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ी है, जहां बिना तथ्य जांचे, बिना किसी संपादकीय प्रक्रिया और बिना सामाजिक उत्तरदायित्व के सामग्री प्रसारित की जा रही है। यही स्थिति चिंता का विषय है। आज सोशल मीडिया पर कुछ लोग स्वयं को पत्रकार, विश्लेषक या विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि उनके पास न पत्रकारिता का प्रशिक्षण होता है, न समाचार लेखन की समझ और न ही मीडिया की नैतिक मयार्दाओं का ज्ञान। परिणामस्वरूप अपुष्ट सूचनाएं, आधे-अधूरे तथ्य, भ्रामक शीर्षक और सनसनीखेज वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाते हैं।

इससे अफवाहों का बाजार गर्म होता है और समाज में भ्रम तथा अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती है। यहीं से पत्रकारिता और ब्लॉगिंग अथवा व्लॉगिंग के बीच अंतर को समझना आवश्यक हो जाता है। ब्लॉगिंग और व्लॉगिंग मुख्यतः व्यक्तिगत विचार, अनुभव, जानकारी या मनोरंजन प्रस्तुत करने का माध्यम हैं। इनमें रचनात्मक स्वतंत्रता अधिक होती है। दूसरी ओर पत्रकारिता केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्यापित, संतुलित, निष्पक्ष और जनहितकारी सूचना समाज तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसलिए कही जाती है क्योंकि उसका उद्देश्य केवल खबर देना नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल करना, समाज की आवाज बनना और सत्य को तथ्यों के आधार पर सामने लाना होता है। पत्रकार बनने के लिए केवल कैमरा या मोबाइल फोन पर्याप्त नहीं होता। पत्रकारिता एक विधा है, जिसका अपना इतिहास, सिद्धांत, आचार संहिता, भाषा, कानूनी दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व है। पत्रकारिता के विद्यार्थी वर्षों तक समाचार लेखन, संपादन, मीडिया कानून, प्रेस नैतिकता, जनसंचार सिद्धांत, फोटो पत्रकारिता, रेडियो पत्रकारिता, टीवी पत्रकारिता, डिजिटल पत्रकारिता और मीडिया अनुसंधान का अध्ययन करते हैं। किसी भी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले तथ्य जांचना, संबंधित पक्ष का मत लेना, दस्तावेजों की पुष्टि करना और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखना पत्रकारिता का मूल आधार है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक और गंभीर चुनौती क्लिकबेट संस्कृति की है। कई बार शीर्षक ऐसा बनाया जाता है जिससे पाठक या दर्शक आकर्षित हो जाए, जबकि वास्तविक सामग्री उससे बिल्कुल अलग होती है। सनसनी फैलाना, भय पैदा करना, आधी जानकारी देना या तथ्यों को तोड़-मरोडकर प्रस्तुत करना येलो जर्नलिज्म यानी पीत पत्रकारिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। पत्रकारिता का उद्देश्य कभी भी सनसनी पैदा करना नहीं रहा, बल्कि समाज को तथ्यपरक जानकारी देना रहा है। यह भी समझना आवश्यक है कि सोशल मीडिया और पत्रकारिता एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आज अधिकांश प्रतिष्ठित समाचार संस्थान भी डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। समाचार पत्रों के ई-पेपर, डिजिटल पोर्टल, यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया अकाउंट इसका प्रमाण हैं। अंतर केवल इतना है कि जिम्मेदार मीडिया संस्थान समाचार प्रकाशित करने से पहले सत्यापन की प्रक्रिया अपनाते हैं, जबकि व्यक्तिगत सोशल मीडिया अकाउंट पर यह प्रक्रिया प्रायः अनुपस्थित रहती है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन संविधान ने इस स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जोड़ा है। किसी भी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा या न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली अपुष्ट जानकारी साझा करना केवल नैतिक ही नहीं, कई परिस्थितियों में कानूनी प्रश्न भी बन सकता है। इसलिए लोकप्रियता के साथ जिम्मेदारी का बढ?ा स्वाभाविक है। हिमाचल प्रदेश जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य में सोशल मीडिया का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एक ओर स्थानीय कलाकार, लोकगायक, हस्तशिल्पी, बुनकर, किसान और युवा उद्यमी फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के माध्यम से अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला रहे हैं। किन्नौरी शॉल, कुल्लू की टोपी, चंबा रूमाल, सिरमौर और शिमला की पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, लोकसंगीत, मेले, देव परंपराएं और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को डिजिटल माध्यम से नई पहचान मिली है।

यह सोशल मीडिया का सकारात्मक पक्ष है। दूसरी ओर, रील्स और शॉर्ट वीडियो की संस्कृति ने जीवनशैली और सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित किया है। आज अनेक युवा कैमरे के सामने लोकप्रिय होने की होड़ में अपनी भाषा, पहनावे और व्यवहार को कृत्रिम रूप से बदल रहे हैं। हैलो गाइज, लाइक, शेयर और सब्सक्राइब करना मत भूलना, जैसे वाक्य आज एक नई डिजिटल संस्कृति का हिस्सा बन चुके हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है, यदि सामग्री ज्ञानवर्धक, रचनात्मक या मनोरंजक हो, लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब लोकप्रियता के लिए अश्लीलता, अभद्र भाषा, खतरनाक स्टंट, निजी जीवन का अनावश्यक प्रदर्शन या सामाजिक मूल्यों की अनदेखी की जाने लगे। इसलिए तथ्य, भाषा, संतुलन और नैतिकता सर्वोपरि होनी चाहिए।

वन अधिकार पट्टे से मजदूर से कृषक बना रूपबसंत आदिवासी

शासकीय योजनाओं ने बदली गरीब आदिवासी परिवार की जिंदगी, अब साहूकारों पर निर्भरता खत्म

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

कभी खेती करने के लिए भी साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था। जमीन पर अपना अधिकार नहीं था, इसलिए बैंक से ऋण भी नहीं मिलता था। आज मेरे पास जमीन का पट्टा है, किसान क्रेडिट कार्ड है और शासन की कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब मैं मजदूर नहीं, अपनी जमीन का मालिक और कृषक हूं। यह कहना है रूपबसंत आदिवासी, पिता श्री रतनलाल आदिवासी, निवासी ग्राम रतनपुर, ग्राम पंचायत रतनपुर, जनपद पंचायत सांची, जिला रायसेन का। वन अधिकार योजना के अंतर्गत भूमि का पट्टा मिलने से रूपबसंत और उनके परिवार के जीवन में ऐसा बदलाव आया, जिसने उनके संघर्ष को आत्मनिर्भरता और खुशहाली की नई राह दिखाई है। रूपबसंत बताते हैं कि उनके पिता वर्ष 1965 से ग्राम रतनपुर में निवास करते हुए कब्जे की भूमि पर खेती करते थे। खेती के साथ मजदूरी कर वे परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। मिट्टी की दीवारों और कवेलू की छत वाले घर में परिवार रहता था। बारिश के दिनों में छत से पानी न टपके, इसके लिए कवेलू के ऊपर पन्नी डालकर गुजारा करना पड़ता था। शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ीं तो रूपबसंत ने भी उसी भूमि पर खेती करने के साथ मजदूरी शुरू कर दी। लेकिन जमीन का अधिकृत पट्टा नहीं होने के कारण उन्हें शासकीय योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था। खेती के लिए बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य सामग्री खरीदने के लिए उन्हें साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था। सिंचाई के लिए खुद का बोर नहीं होने के कारण दूसरे किसानों से पानी लेना पड़ता था और फसल आने पर उसका भुगतान करना पड़ता था। बच्चों की स्कूल फीस, कपड़े और त्योहारों की जरूरतों के लिए भी कई बार साहूकारों से उधार लेना पड़ता था। फसल आने के बाद ब्याज सहित कर्ज चुकाने में अधिकांश आमदनी चली जाती थी।



नतीजा यह था कि खेती होने के बावजूद परिवार को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए दूसरों के खेतों में मजदूरी करनी पड़ती थी। रूपबसंत के जीवन में बदलाव तब आया, जब वर्ष 2019-20 में उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपी वनमित्र पोर्टल के बारे में जानकारी मिली। गांव के लोगों से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालय में जाकर योजना की जानकारी ली और ऑनलाइन आवेदन किया। पात्रता पूरी होने के बाद वर्ष 2020-21 में उन्हें 0.325200 हेक्टेयर कृषि भूमि का वन अधिकार पट्टा प्राप्त हुआ। पट्टा मिलने की खुशी को याद करते हुए रूपबसंत कहते हैं कि यह उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा बदलाव था। जिस भूमि पर उनका परिवार वर्षों से खेती करता आ रहा था, अब उस पर उन्हें कानूनी अधिकार मिल गया था। उनके शब्दों में, 'पट्टा मिलने के बाद मुझे लगा कि अब मैं मजदूर नहीं रहा, मैं भी अपनी जमीन का मालिक और कृषक बन गया हूं।' भूमि का पट्टा मिलने के बाद रूपबसंत ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए आवेदन किया। वर्ष 2025 में बैंक द्वारा उनका केसीसी बनाया गया। इसके बाद उन्हें कम ब्याज दर पर खेती की जरूरतों के लिए ऋण मिलने लगा। बीज और खाद की व्यवस्था आसान हुई तथा मवेशी खरीदने के लिए भी कृषि ऋण स्वीकृत हुआ। इसके साथ ही रूपबसंत ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ भी मिल रहा है। सिंचाई की सुविधा बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ लिया है।कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से अब उन्होंने कृषि यंत्र सब्सिडी योजना के तहत ट्रैक्टर लेने की भी योजना बनाई है। बैंकिंग सुविधा से उन्हें व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी मिला है। आज रूपबसंत का परिवार पहले की तरह आर्थिक परेशानियों से जूझने के बजाय आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। बच्चों को अच्छी स्कूल में शिक्षा मिल रही है। परिवार पक्का मकान बनवा रहा है। खेती के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से उपलब्ध होने से साहूकारों पर निर्भरता काफी कम हुई है। रूपबसंत बताते हैं कि पहले कर्ज और ब्याज के कारण फसल से हुई आमदनी परिवार की जरूरतों को पूरा करने से पहले ही खत्म हो जाती थी।

भोपाल में सेवा सेतु अभियान अन्तर्गत आयोजित शिविर का किया शुभारंभ

पीएम सूर्यघर बिजली योजना का करें प्रभावी क्रियान्वयन : नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाये। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने यह बात मंगलवार को सेवा सेतु अभियान अन्तर्गत रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित शिविर में कही। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित कर उसकी शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस कार्य की सतत मानीटरिंग होना चाहिए। योजना के क्रियान्वयन में आ रही कमियों को भी दूर करें। उन्होंने कहा कि आगे आने वाली पीढ़ी को हरा भरा और सोलर बिजली से युक्त मध्यप्रदेश सौंपना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव ने



कहा कि सोलर संयत्र से मिलने वाली बिजली 2 रूपये प्रति यूनिट है, जबकि कोयला बनने वाली बिजली 6 रूपये प्रति यूनिट है। साथ ही सोलर एनर्जी पर्यावरण के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। अतः इस अभियान में सभी लोग सक्रिय सहभागिता करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने बताया कि प्रदेश में एक लाख 88 हजार रूफटॉप सोलर पैनल लग चुके हैं। प्रदेश में 750 मेगावॉट की सोलर एनर्जी की क्षमता विकसित हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन के पदाधिकारी श्री विजय कुलकर्णी ने बताया कि देश में एक करोड़ घरों में रूफटाप सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। अभी तक 51 लाख लगाये गये हैं। वीडियो के माध्यम से सोलर पैनल के उपयोग की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री अखिलेश कुमार पाण्डे, मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) श्री बी.बी.एस. परिहार, मुख्य महाप्रबंधक डी.पी.अहिरवार, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) श्रीमती स्वाति सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) श्रीमती अमिता तिवारी, महाप्रबंधक श्री जाहिद अज़ीज़ खान तथा सिटी सर्किल भोपाल के महाप्रबंधक श्री प्रदीप सिंह चौहान सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ला ने सोलर पैनल से संबंधित लगे स्टॉल का भी अवलोकन किया।

भोपाल होकर मुम्बई से समस्तीपुर के बीच एसी स्पेशल ट्रेन संचालित

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



रेलवे द्वारा आगामी त्योहारों दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एसी समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार हैः- एलटीटी-समस्तीपुर जंक्शन-एलटीटी साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 13 अक्टूबर से 17 नवंबर 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 23:56 बजे, पहुँचकर अगले दिन पिपरिया 00:50 बजे, नरसिंहपुर 01:53 बजे, मदन महल 03:25 बजे, कटनी 04:40 बजे, मैहर 06:38 बजे, सतना 07:20 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए बुधवार रात्रि 23:45 बजे समस्तीपुर जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर जंक्शन से एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को समस्तीपुर जंक्शन स्टेशन से 03:00 बजे प्रस्थान कर सतना 18:10 बजे, मैहर 18:43 बजे, कटनी 19:40 बजे, मदनमहल रात 21:50 बजे, नरसिंहपुर 23:00 बजे, पिपरिया मध्यरात्रि 00:00 बजे, इटारसी 02:35 बजे और शुक्रवार 15:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। कोच कम्पोजीशनः- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 18 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटरकार सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

आयुर्वेद में निदान का महत्वपूर्ण आधार: विशेषज्ञों ने साझा किए व्यावहारिक एवं शोधपरक अनुभव

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन, मध्यप्रदेश के सहयोग से मंगलवार को रजत जयंती सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी 'नाड़ी विश्लेषण 2026' का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'नाड़ी परीक्षण की व्यावहारिक तकनीकों की खोज और निदान में इसका कल (चिकित्सीय) महत्व' रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8:30 बजे पंजीकरण के साथ हुआ। इसके पश्चात माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र, भोपाल के विधायक श्री भगवान दास सबनानी, आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री शोभित जैन, आयुष आयुक्त श्रीमती आर. उमा महेश्वरी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट नाड़ी



विशेषज्ञ वैद्यों का सम्मान किया गया। राज्यपाल द्वारा स्मारिका 'आयुर्वर्धन–सिकेल सेल' का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य नाड़ी परीक्षा के नैदानिक (डायग्नोस्टिक) एवं चिकित्सीय (क्लिनिकल) महत्व को रेखांकित करना रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि नाड़ी परीक्षा केवल दोषों के आकलन तक सीमित नहीं है, बल्कि रोग की स्थिति, अरिष्ट (मृत्युसूचक लक्षण) तथा साध्य-असाध्यता के आकलन में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान माना गया है। इसी संदर्भ में योगरत्नाकर में वर्णित 'नाडी मूत्रं मलं जिह्वा शब्दस्पर्शदृगाकृतिः' सूत्र का उल्लेख करते हुए नाड़ी परीक्षण की विशिष्ट भूमिका पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न संस्थानों से विद्यार्थियों, स्नातकोत्तर (पीजी) शोधार्थियों, संकाय सदस्यों एवं चिकित्सा अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कुल 660 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें 372 स्नातक विद्यार्थी, 110 स्नातकोत्तर शोधार्थी एवं 110 चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे। संकाय सदस्यों तथा मौके पर हुए पंजीकरण के माध्यम से भी सहभागिता हुई।

'सेवा भाव' पर विशेष ऑनलाइन सत्र 7 अक्टूबर को

भोपाल। कर्मयोगी भारत द्वारा नागरिक केन्द्रित शासन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'सेवा भाव' विषय पर बुधवार 7 अक्टूबर 2026 को विशेष ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र का संचालन नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम करेंगे। सत्र में शासकीय सेवकों में संवेदनशीलता, जवाबदेही और नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के साथ लोक सेवा प्रदाय में 'सेवा भाव' की भावना विकसित करने पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देश जारी कर अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को ऑनलाइन सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है।

छात्रावास में रहकर पढ़ाई की, मेहनत से बने वेटरिनरी फील्ड असिस्टेंट

विपरीत परिस्थितियों के बीच अनुशासन और निरंतर प्रयास से योगेन्द्र मालवीय ने हासिल किया सफलता का मुकाम

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

ग्राम कुडलासा निवासी योगेन्द्र मालवीय ने विपरीत परिस्थितियों के बीच अनुशासन, मेहनत और निरंतर अध्ययन को अपनी सफलता का आधार बनाया। उन्होंने सीनियर बालक छात्रावास, सारंगपुर में रहकर कक्षा 6वीं से 8वीं तक की शिक्षा प्राप्त की। छात्रावास में रहते हुए उन्होंने नियमित अध्ययन और अनुशासित जीवनशैली को अपनाया, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनके आगे के जीवन पर पड़ा। योगेन्द्र ने अपनी पढ़ाई के साथ अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत जारी रखी। लगन और परिश्रम के बल पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए वेटरिनरी फील्ड असिस्टेंट के रूप में अपना करियर





बनाया। वर्तमान में वे अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारीपूर्वक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। योगेन्द्र की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है, बल्कि उनके क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा है। उनका कहना है कि छात्रावास में मिले अनुशासन, मार्गदर्शन और पढ़ाई के वातावरण ने उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद की।

विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय

इटारसी होकर एलटीटी-दानापुर के मध्य प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन चलेगी

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

रेलवे द्वारा आगामी त्योहारों दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01143/01144 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार हैः- एलटीटी-दानापुर-एलटीटी प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन :- गाड़ी संख्या 01143 एलटीटी से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 09 अक्टूबर से 21



नवम्बर 2026 तक (44 ट्रिप) प्रतिदिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 20:50 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर 03:35 बजे, सतना 06:45 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए रात 21:50 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01144 दानापुर से एलटीटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 11 अक्टूबर से 23 नवम्बर 2026 तक (44 ट्रिप) प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 00:10 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी 06:50 बजे, सतना 10:45 बजे, जबलपुर दोपहर 13:20 बजे, इटारसी 17:10 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन सुबह 06:50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। कोच कम्पोजीशनः- इस गाड़ी में 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। ट्रेन के हाल्टः- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, जनसुनवाई में 154 आवेदन प्राप्त हुए

भोपाल। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में एडीएम श्री सुमित पांडेय ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 154 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम श्री पांडेय ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया।



उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

संक्षिप्त समाचार

भारतीय सेना ने दी

बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल को एशियन गेम्स 2026 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्वदेश लौटे बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल को भारतीय सेना ने बधाई दी है। नरेंद्र बॉक्सर होने के साथ-साथ भारतीय सेना में सूबेदार भी हैं और उनका प्रदर्शन एशियन गेम्स में शानदार रहा।



भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नरेंद्र को बधाई देते हुए लिखा, 'जय से विजय - विजय से विजेता। युद्ध के मैदान से लेकर खेल के मैदान तक, भारतीय सेना के योद्धा देश का मान बढ़ाते रहे हैं। जनरल धीरज सेठ (थल सेना प्रमुख) और भारतीय सेना के सभी अधिकारी एवं जवान, 20वें एशियन गेम्स (आइची-नागोया 2026) में शानदार प्रदर्शन कर भारत का तिरंगा ऊंचा लहराने वाले सूबेदार नरेंद्र बेरवाल को हार्दिक बधाई देते हैं। भारतीय सेना - चैंपियंस तैयार करने की परंपरा।' नरेंद्र ने 90 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। नरेंद्र ने एशियन गेम्स में यह लगातार दूसरी बार मेडल जीता है।

विवाद को लेकर बोले कोच जॉर्ज

रोनाल्डो से 'कोई नाराजगी नहीं, टीम के दरवाजे उनके लिए खुले हैं'

नई दिल्ली। पुर्तगाल फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जॉर्ज जीसस ने कहा है कि अगर क्रिस्टियानो रोनाल्डो दोबारा नेशनल टीम के लिए खेलना चाहते हैं, तो उनके लिए टीम के दरवाजे खुले हैं। उन्होंने कहा कि रोनाल्डो को अगली टीम घोषणा से पहले अपने भविष्य और करियर को लेकर फैसला करना होगा। 41 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने कोच जॉर्ज जीसस के साथ कप्तान की भूमिका को लेकर बढ़ते मतभेद पर सार्वजनिक रूप से बात करने के कुछ ही घंटों बाद नेशनल टीम का कैंप छोड़ दिया था। कैंप छोड़ने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सही समय आने पर मैं सभी पुर्तगाली लोगों को नेशनल टीम छोड़ने के अपने कारणों के बारे में सच बताऊंगा, जिसके प्रति मैं हमेशा समर्पित रहा हूं।



स्लो ओवर रेट के कारण आईसीसी ने भारत-वेस्टइंडीज टीम पर लगाया जुर्माना

दुबई। न्यू चंडीगढ़ के पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए तीसरे वनडे मुकाबले में स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए आईसीसी ने भारत और वेस्टइंडीज टीम पर जुर्माना लगाया गया है। शनिवार को हुए आखिरी वनडे में समय की छूट को ध्यान में रखते हुए भारत को चार ओवर और वेस्टइंडीज को दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। इसके बाद भारतीय टीम पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत और वेस्टइंडीज पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (जो न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघनों से संबंधित है) के अनुसार, अगर कोई टीम तय समय में ओवर नहीं फेंक पाती है, तो उसके खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।'



हम ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा का माहौल बनाना चाहते हैं: गौतम गंभीर

वैभव को करना होगा मौके का इंतजार

नई दिल्ली । भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में बताया है। गंभीर ने कहा कि उन्होंने 15 वर्षीय खिलाड़ी को समझाया कि अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कभी-कभी खिलाड़ी को अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। इस साल जुलाई में सूर्यवंशी इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने।

उन्होंने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया और सचिन तेंदुलकर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद, वह पुरुषों के इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 साल और 118 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि, उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी सीरीज और एशियन गेम्स से पहले जापान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला। 15 साल के इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में भारत की प्लेइंग इलेवन में वापसी की, जहां उन्होंने 21 गेंदों पर 38 रन बनाकर मैच में अहम भूमिका निभाई।



भारत-वेस्ट इंडिज के बीच पहला टी-20 आज

गंभीर ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'यह मेरे लिए भी एक नया अनुभव था। हां, वह अच्छी फॉर्म में थे, लेकिन मैंने उन्हें समझाया कि कभी-कभी, उन खिलाड़ियों की वजह से जिन्होंने लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें अपने मौके का इंतजार करना पड़ सकता है। एक और बात, सोशल मीडिया या बाहर की बातें प्लेइंग इलेवन तय नहीं करतीं।

' भारतीय मुख्य कोच ने आगे कहा, 'यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि ड्रेसिंग रूम का समीकरण कैसा है, कौन सा खिलाड़ी कोच और कप्तान को मैच जिताने की क्षमता रखता है, तथा टीम की सबसे मजबूत 'प्लेइंग इलेवन' क्या है।



भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने आमिर जांगू को किया टीम में शामिल

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज आमिर जांगू को टीम में शामिल किया है। उन्हें ज्वेल एंड्रयू की जगह कवर के तौर पर बुलाया गया है, जो वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। शनिवार को न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के 36वें ओवर के दौरान नमन धीर का कैच पकड़ते समय एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें एक्स-रे के लिए अस्पताल ले जाया गया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद विकेटकीपिंग की भूमिका के लिए आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है।



चाइना ओपन : रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

इगा स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

बीजिंग । छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया। जीत के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए स्वियातेक ने बताया कि उन्हें एक सेट हारने के बाद कैसा महसूस हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मैं सच में बहुत चिढ़ गई थी। मुझे लगा कि मैं बुरा नहीं खेल रही थी, लेकिन निश्चित रूप से वह काफी नहीं था। मैंने कुछ गलतियां कीं। मुझे गुस्सा आ रहा था। मैं कुछ बदलना चाहती थी। जाहिर है कि वह काम नहीं कर रहा था। दूसरा सेट शुरू में मुश्किल था। बाद में मैंने समझ लिया कि क्या करना है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। '

मैच के तीसरे गेम में स्वियातेक अपनी सर्विस गंवा बैठीं और वेकिक की सर्विस तोड़ने का कोई तरीका नहीं ढूंढ पाईं। आठवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी आखिरकार पहला सेट 4-6 से हार गईं। उनकी वापसी की उम्मीदों को तब और झटका लगा जब दूसरे सेट में वे दो बार अपनी सर्विस हार गईं और 2-5 से पिछड़ गईं। हालांकि, उन्होंने अपना बेहतरीन खेल दिखाया और क्रोएशिया की खिलाड़ी की सर्विस दो बार तोड़कर स्कोर 5-5 कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बचाए रखी और दूसरा सेट टाई-ब्रेक में चला गया, जिसमें स्वियातेक ने बिना कोई प्वाइंट गंवाए जीत हासिल की। तब तक, मोमेंटम उनके साथ था।

दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे सेट की शुरुआत एक-दूसरे की सर्विस तोड़कर की, लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने 3-2 पर ब्रेक हासिल किया और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखी और वेकिक की सर्विस तोड़ी, जिससे उन्होंने तीसरा सेट 6-2 से जीता और 2 घंटे 40 मिनट में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। अब स्वियातेक का सामना इवा जोविक से होगा।

कंधे की चोट के कारण इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बोलीं- शरीर को आराम की जरूरत

नई दिल्ली । दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है। पोटापोवा ने अपने सोशल मीडिया पर इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर लगातार उन्हें आराम करने का संकेत दे रहा था। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'मेरा सीजन खत्म हो रहा है। दुर्भाग्य से, हाल ही में मेरा शरीर मुझे बार-बार संकेत दे रहा है कि अब रुकने का समय आ गया है। मेरे लिए यह सबसे साफ संकेत है कि मुझे ब्रेक लेने, अपने शरीर को ठीक होने के लिए जरूरी समय देने और मजबूती से वापसी करने की जरूरत है। 2027 में मिलते हैं।' पोटापोवा ने यह घोषणा बीजिंग टूर्नामेंट में सिन्जा क्रॉस के खिलाफ अपने शुरुआती दौर के मैच से दाहिने कंधे की चोट के कारण हटने के कुछ दिनों बाद की है।

उन्हें इसके बाद वुहान में खेलना था, लेकिन अब वह नए सीजन के लिए पूरी तरह फिट होने पर ध्यान देंगी। इस फैसले के साथ ही उस सीजन का समापन हो गया जिसमें पोटापोवा ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई। उन्होंने साल की शुरुआत लिन्ज से पहले 97वें स्थान पर रहते हुए की थी, लेकिन धीरे-धीरे रैंकिंग में ऊपर चढ़ती गईं और आखिरकार करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग तक पहुंचीं, जो अभी भी उनकी मौजूदा रैंकिंग है। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन क्ले कोर्ट पर रहा। पोटापोवा लिन्ज में फाइनल तक पहुंचीं, 'लकी लूजर' के तौर पर मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह बनाई और रोम तथा फ्रेंच ओपन दोनों में चौथे दौर तक पहुंचीं।





नेशंस लीग

पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को 2-1 से हराया



नई दिल्ली । पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा। वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

गोलरहित ड्रॉ रहा जर्मनी और ग्रीस के बीच खेला गया मुकाबला

थेसालोनिकी (ग्रीस)। जर्मनी की टीम ने ग्रीस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर अपना इंटरनेशनल ब्रेक समाप्त किया। 2026/27 यूईएफए नेशन्स लीग में चार मैचों के बाद जर्मनी के पांच अंक हैं। टीम अपने ग्रुप में नीदरलैंड्स और ग्रीस के बाद तीसरे स्थान पर बनी हुई है। जर्मनी पर अपनी पहली जीत दर्ज करने के एक हफ्ते बाद ग्रीस ने थेसालोनिकी में गोलरहित ड्रॉ खेलकर अपनी अजेय लय जारी रखी। टीम ने पूरे मैच में दबाव झेला, लेकिन हार से बचने में सफल रही। मैच में पहला अच्छा मौका ग्रीस को मिला, जब जियोर्गोस मासौरास के हेडर को जर्मनी के गोलकीपर जोनास अर्बिंग ने शानदार तरीके से रोक दिया। इसके बाद जर्मनी ने पहले हाफ में लगातार हमले किए और 15 शॉट लगाए। ग्रीस के गोलकीपर कोस्टास जोलाकिस ने भी डेविड राउम के खतरनाक शॉट को बचाकर टीम को बढ़त लेने से रोका। दूसरे हाफ में दोनों टीमों को ज्यादा बड़े मौके नहीं मिले। जर्मनी के फिलिप ट्रेउ के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन उनका करीब से लगाया गया हाफ-वॉली शॉट गोल पोस्ट के ऊपर निकल गया। ग्रीस को मैच के दूसरे ही मिनट में गोल करने का बड़ा मौका मिला, लेकिन जियोर्गोस मासौरास के हेडर को जर्मनी के गोलकीपर जोनास अर्बिंग ने शानदार बचाव से रोक दिया।



सरकार आपके द्वार' से गांव तक पहुंचीं शासकीय सेवाएं, शिविर में एक ही स्थान पर मिला योजनाओं का लाभ

आजीविका ऋण मेले में 908 प्रकरणों में 537 प्रकरणों में 13.41 करोड़ रुपये की स्वीकृति

एक सत बुलेटिन, रायपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के माध्यम से शासकीय योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों के और करीब पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरा स्थित हाई स्कूल परिसर में विशेष सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। सरकार आपके द्वार' से गांव तक पहुंचीं शासकीय सेवाएं, सेमरा के सेवा सेतु शिविर में एक ही स्थान पर मिला योजनाओं का लाभ शिविर में आयोजित आजीविका ऋण मेले के माध्यम से ग्रामीणों एवं स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की गई। मेले में 908 प्रकरणों में 19.43 करोड़ रुपये की राशि प्रेषित की गई। इसके साथ ही 537 प्रकरणों में 13.41 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई तथा 281 प्रकरणों में 7.90 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया। इससे ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों को अपनी आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाने के



लिए आर्थिक सहयोग मिला। एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी और सेवाओं का लाभ शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं, पात्रता और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं को सुना तथा पात्रतानुसार विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा ग्रामीणों से संवाद भी किया। पीएम आवास की चाबी से आयुष्मान कार्ड तक, हितग्राहियों को मिली सहायता शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ आयुष्मान कार्ड, वय वंदन योजना कार्ड, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, नैनो यूरिया और रोजगार कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर मातृ एवं शिशु पोषण का संदेश दिया गया। हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं पोषण से संबंधित जानकारी भी दी गई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवाओं और आवश्यक मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में एक आवेदक की समस्या का तत्काल किया निराकरण



एक सत बुलेटिन, भिण्ड

कलेक्टर भिण्ड ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान 124 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम पाली पावई के निवासी श्री शिवचरन पुत्र श्री कलियान सिंह ने बैसाखी दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तत्काल कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर आवेदक श्री शिवचरन को बैसाखी उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग ने तत्काल आवेदक श्री शिवचरन को बैसाखी उपलब्ध कराई। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

दिल्ली अब दूर नहीं- सरगुजा को मिली रेल सौगात, अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के लिए अब सप्ताह में दो दिन ट्रेन



एक सत बुलेटिन, रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा मिली है। अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच संचालित एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा अब सप्ताह में एक दिन के स्थान पर दो दिन उपलब्ध होगी। मंगलवार को अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से द्विसाप्ताहिक ट्रेन को सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने हरी झंडी दिखाकर निर्धारित सुबह 7.30 पर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें पुष्प भेंट किए और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के लिए अब सप्ताह में दो दिन ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा गाड़ी संख्या 22407 अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस का संचालन अब प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को किया जाएगा। ट्रेन अम्बिकापुर से प्रातः 7.30 बजे रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 22408 हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को रात्रि 11 बजे हजरत निजामुद्दीन से रवाना होगी। सेवा आवृत्ति बढ़ाए जाने से सरगुजा संभाग के यात्रियों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए सप्ताह में एक अतिरिक्त सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो गई है। अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के लिए अब सप्ताह में दो दिन ट्रेन सरगुजा संभाग के यात्रियों की लंबे समय से थी मांगकृसांसद श्री चिंतामणि महाराज सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए सप्ताह में दो दिन ट्रेन संचालन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि रेल सेवा की आवृत्ति बढ़ने से पूरे सरगुजा संभाग के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलने के कारण सभी यात्रियों को यात्रा का अवसर नहीं मिल पाता था। अब अतिरिक्त फेरा शुरू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन भी यात्रियों में नई सेवा को लेकर उत्साह दिखाई दिया। रायगढ़, जशपुर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से भी यात्री इस ट्रेन से यात्रा करने पहुंचे। उन्होंने इस सुविधा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति सरगुजा संभाग की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से दिल्ली के लिए संचालित रेल सेवा को सप्ताह में एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने की मांग की जा रही थी।

'सेवा मेरा योगदान' अभियान अंतर्गत वीर गाथा एवं सम्मान कार्यक्रम 08 अक्टूबर को



भिण्ड। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान (सेवा संकल्प अभियान-2026) अंतर्गत 'भूतपूर्व सैनिकों वीर नारियों एवं वीर माताओं हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भिण्ड में दिनांक 08 अक्टूबर 2026 गुरुवार प्रातः 10 बजे वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियां एवं वीर माताएं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आएं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भिण्ड ने सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीर माताओं से निवेदन है कि वो जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आने की कृपा करें।

बुनगा के आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

एक सत बुलेटिन, भिण्ड

सेवा संकल्प अभियान के तहत रायगढ़ जिले के विकासखंड पुसौर के ग्राम बुनगा के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच श्री बेदप्रकाश साव ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती पुष्पमती चौहान तथा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय नायक ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। आयुर्वेद विभाग द्वारा कार्यक्रम में शामिल महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। कार्यक्रम



के दौरान 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और 5 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। वहीं 2 बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना के तहत डाकघर में खाते खोले गए। पांचों आंगनबाड़ी केंद्रों में न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को नशामुक्ति और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच श्री दीनबंधु साव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता, चित्रा, हरिप्रिया, रामेश्वरी एवं उमा सहित सहायिकाओं, मितानिन, फार्मासिस्ट भोज मालाकार, ग्रहण, योग प्रशिक्षक दुलामनी रजक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विधायक मद से 10 लाख रुपए की लागत से हुआ निर्माण

एक सत बुलेटिन, रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में फरसाबहार तहसील के ग्राम पंचायत जोरंडाझरिया के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक भवन की मांग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री विष्णु देव साय के विधायक मद से स्वीकृत 10 लाख रुपए की लागत से गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण किया गया है। नए सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए गांव में ही सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो गया है। अब ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए दूसरे स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भवन का उपयोग सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। गांव में इस सुविधा के उपलब्ध होने से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष अवसरों और सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थायी स्थान मिलने से ग्रामीणों को बड़ी सहूलियत होगी। सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उनकी मांग को प्राथमिकता देते हुए राशि स्वीकृत कर भवन का निर्माण कराया गया, जिससे पूरे गांव को एक महत्वपूर्ण सुविधा मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, भवन सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के लगातार विस्तार से गांवों में विकास को गति मिल रही है और आम लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही हैं।



निर्वाचन साक्षरता क्लब का पंजीयन एवं ऑनबोर्डिंग कार्य हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

भिण्ड। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन साक्षरता क्लब का पंजीयन एवं ऑनबोर्डिंग शीघ्र सुनिश्चित करने हेतु जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड श्री शिव ब्रम्ह सिंह जादौन को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड श्री शिव ब्रम्ह सिंह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं से संपर्क स्थापित कर पंजीयन हेतु प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही वे जिला निर्वाचन अधिकारी, स्वीप एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाए रखते हुए कार्ययोजना का क्रियान्वयन करेंगे। संस्थाओं को श्रेष्ठ गठन, समन्वयक नामांकन, पोर्टल पर आवेदन तथा ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन साक्षरता क्लब का पंजीयन एवं ऑनबोर्डिंग शीघ्र सुनिश्चित करने हेतु जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड श्री शिव ब्रम्ह सिंह जादौन को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड श्री शिव ब्रम्ह सिंह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं से संपर्क स्थापित कर पंजीयन हेतु प्रोत्साहित करेंगे। स्वीप एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाए रखते हुए कार्ययोजना का क्रियान्वयन करेंगे। संस्थाओं को गठन, समन्वयक नामांकन, पोर्टल पर आवेदन तथा ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

सेवा संकल्प में कलेक्टर ने वृद्धजनों का किया सम्मान

जिला अस्पताल में 87 वृद्धजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित किए गए छड़ी और वॉकर

एक सत बुलेटिन, रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रायगढ़ जिले में 1 से 15 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 87 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। जरूरतमंद 15 वृद्धजनों को छड़ी और 6 वृद्धजनों को वॉकर प्रदान किए गए। वहीं 60 वृद्धजनों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों की हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए निःशुल्क बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच की सुविधा भी रखी गई, जिसका लगभग



100 वृद्धजनों ने लाभ लिया। जांच के साथ वृद्धजनों को हड्डियों एवं जोड़ों की देखभाल तथा बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता बनाए रखने के संबंध में चिकित्सकीय जानकारी दी गई। अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ.राज कुमार गुप्ता ने हड्डियों एवं जोड़ों की देखभाल और उनसे संबंधित समस्याओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सिद्धार्थ सिन्हा एवं डॉ. श्यामजीत किंडो ने वृद्धजनों को उपयोगी व्यायामों का प्रदर्शन कराते हुए उनका अभ्यास कराया। इसमें जोड़ों की गतिशीलता, सुरक्षित चलने तथा उठने-बैठने से जुड़े व्यायाम शामिल रहे। विशेषज्ञों ने वृद्धजनों को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित व्यायाम करने और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की जानकारी दी। वहीं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सिद्धार्थ सिन्हा एवं डॉ. श्यामजीत किंडो ने वृद्धजनों को उपयोगी व्यायामों का प्रदर्शन कराते हुए उनका अभ्यास कराया। इसमें जोड़ों की गतिशीलता, सुरक्षित चलने तथा उठने-बैठने से जुड़े व्यायाम शामिल रहे। विशेषज्ञों ने वृद्धजनों को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित व्यायाम करने और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। फिजियोथेरेपी सेवाओं के साथ जरूरतमंद वृद्धजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन पखवाड़े के तहत जिला चिकित्सालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन शामिल हुए।

अपराध स्थल से न्यायालय तक–वैज्ञानिक साक्ष्य, पुलिस जांच और अभियोजन की पूरी प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन

ऑपरेशन मुस्कान से बाल सुरक्षा और महिला हेल्प डेस्क तक-विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



नवीन न्याय संहिताओं के प्रावधानों और अपराध की सूचना से लेकर न्यायालय के अंतिम निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया को आमजन के लिए सरल, रोचक और व्यावहारिक रूप में समझाने के उद्देश्य से बीएचईएल दशहरा मैदान में आयोजित प्रदर्शनी में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं फॉरेंसिक जांच के महत्वपूर्ण पहलुओं का सजीव नाट्य मंचन किया गया। प्रदर्शनी में यह दिखाया गया कि किसी अपराध के बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने से लेकर फॉरेंसिक प्रयोगशाला में परीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और आगे की कानूनी कार्रवाई तक विभिन्न विशेषज्ञ एवं इकाइयां किस प्रकार समन्वय के साथ कार्य करती हैं। प्रदर्शनी में फॉरेंसिक जांच की पूरी प्रक्रिया को अपराध स्थल से प्रयोगशाला तक चरणबद्ध रूप से प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश में विकसित फॉरेंसिक जांच व्यवस्था के अंतर्गत सभी जिलों में उपलब्ध की भूमिका को भी प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षित फॉरेंसिक विशेषज्ञ अपराध स्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्यों का एवं किस प्रकार करते हैं, इसे सजीव प्रस्तुति के माध्यम से समझाया गया। प्रदर्शनी में यह भी बताया गया कि की धारा 176(3) के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित गंभीर अपराधों में विशेष महत्व है। अपराध स्थल पर उपलब्ध साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित करना और उनका दस्तावेजीकरण आगे की जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत आधार प्रदान करता है। सजीव मंचन में फॉरेंसिक जांच के विभिन्न चरणों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया कि आमजन आसानी से समझ सकें कि– 'मुस्कान अभियान' और महिला सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रदर्शनी में 'मुस्कान अभियान' के माध्यम से बाल सुरक्षा के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की संवेदनशील एवं समन्वित कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसमें बालक-बालिकाओं के गुम होने की सूचना मिलने पर थाना पुलिस, जिला पुलिस, साइबर सेल, जीआरपी तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़ी इकाइयों द्वारा किए जाने वाले समन्वित प्रयासों को दर्शाया गया है। तकनीकी विश्लेषण, ष्ट्रष्टञ्जङ्क फुटेज, अंतर्राज्यीय समन्वय तथा अन्य माध्यमों से गुमशुदा बच्चों की तलाश और उन्हें सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जा रही है। प्रदर्शनी में बाल सुरक्षा से जुड़े गुड टच-बैड टच,, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार, बाल विवाह, लैंगिक समानता एवं सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार जैसे विषयों पर पुलिस द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जा रही है। महिला हेल्प डेस्क की भूमिका और थानों में महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले सहज एवं संवेदनशील प्रथम संपर्क बिंदु की जानकारी भी दी जा रही है। महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से महिलाओं को पुलिस प्रक्रिया, उनके विधिक अधिकारों तथा आवश्यक सहायता के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों एवं युवा आगंतुकों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिल रही है। एक्सीलेंस कॉलेज, भोपाल के फोरेंसिक विषय के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा स्नस्रु अधिकारी डॉ. प्रीति गायकवाड़ द्वारा उन्हें फोरेंसिक विज्ञान एवं अपराध अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी के क्विज जोन में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और डायल-112 की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।

नाड़ी विश्लेषण, आयुर्वेद का विज्ञान और भारत का गौरव : राज्यपाल पटेल



■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नाड़ी विश्लेषण विज्ञान, भारत की समृद्ध चिकित्सकीय ज्ञान परंपरा है। यह विज्ञान के साथ भारतीय ज्ञान की गौरवशाली विरासत भी है। आधुनिक तकनीक और आयुष विज्ञान के साथ नाड़ी विश्लेषण को जोड़ना और विस्तारित करना स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत बनाने का मार्ग है। उन्होंने संगोष्ठी के आयोजन की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'सबके लिए स्वास्थ्य' के लक्ष्य की पूर्ति में आयुर्वेद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह स्वस्थ जीवनशैली और स्व-देखभाल को बढ़ावा देता है। नाड़ी विश्लेषण, कम खर्चीली, बिना किसी शारीरिक नुकसान की जाँच विधि है, जिसमें जटिल उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती है। इसलिए नाड़ी विश्लेषण ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सस्ती, सुलभ और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा जन स्वास्थ्य को नया आयाम दे सकती है। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को नाड़ी विश्लेषण - 2026 पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन, राष्ट्रीय आयुष मिशन और पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में ''नाड़ी परीक्षा की व्यवहारिक तकनीकों की खोज एवं निदान में नाड़ी का नैदानिकी महत्व'' विषय पर किया गया था।

विद्यार्थियों, युवाओं, स्टार्टअप्स और नवाचारकर्ताओं को मिलेगा वास्तविक समस्याओं के समाधान का अवसर

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



सेवा संकल्प अभियान 2026 अन्तर्गत राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज के मध्यप्रदेश चैप्टर में पंजीयन का कार्य मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। 'सेवा फर्स्ट इन्नोवेशन चैलेंज' में अधिक से अधिक पंजीयन करने के साथ ही संपूर्ण प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए आज मंत्रालय में मंत्री समूह की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नवीन नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने की। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप , राज्यसभा सदस्य श्री रजनीश अग्रवाल, श्री राजेंद्र सिंह, श्री आनंद स्वरूप के साथ ही आयुक्त एमएसएमई श्री कुमार पुरुषोत्तम , आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। बैठक में 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' की रूपरेखा पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से प्रस्तुत की गई। मंत्री समूह ने इसके प्रॉपर क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर से समिति गठन किए जाने संबंधी शासन स्तर पर प्राथमिक तौर पर अनुमोदन दिया। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन और संचालन के लिए शासन स्तर से शीघ्र ही निर्देश जारी किए जाएंगे। इस संबंध में एमएसएमई विभाग द्वारा शीघ्र ही एक प्रारूप तैयार किया जाकर मंत्री समूह के अध्यक्ष श्री शुक्ला को प्रस्तुत किया जाएगा। 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' का उद्देश्य प्रदेश में नवाचार, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इससे विद्यार्थियों, युवाओं, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, किसानों, कारीगरों और जमीनी नवाचारकर्ताओं को शासकीय, औद्योगिक, सामाजिक एवं पर्यावरण से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान विकसित करने के लिए प्लेटफार्म मिलेगा। इनोवेशन चैलेंज के लिए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, एमएसएमई सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के सहयोग से जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं पंजीयन की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। चैलेंज में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, युवा, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, किसान, कारीगर, स्वयं सहायता समूह तथा ग्रामीण एवं जनजातीय नवाचारकर्ता सहभागी बन सकेंगे।

भोपाल में सेवा सेतु अभियान अन्तर्गत आयोजित शिविर का किया शुभारंभ

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाये। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने यह बात मंगलवार को सेवा सेतु अभियान अन्तर्गत रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित शिविर में कही। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित कर उसकी शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस कार्य की सतत मानीटरिंग होना चाहिए। योजना के क्रियान्वयन में आ रही कमियों को भी दूर करें। उन्होंने कहा कि आगे आने वाली पीढ़ी को हरा भरा और सोलर बिजली से युक्त मध्यप्रदेश सौंपना हम सबकी जिम्मेदारी है। मनु श्रीवास्तव ने कहा कि सोलर संयत्र से मिलने वाली बिजली 2 रूपये प्रति यूनिट है।

शहरी विकास, निवेश, डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल शहरों सहित विभिन्न विषयों पर आधारित होगा अर्बन कॉन्क्लेव

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव 28 अक्टूबर को आयोजित होगा। नगरीय विकास को नई गति देने, शहरी अधोसंरचना में निवेश को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से शहरों को अधिक सुविधायुक्त और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कॉन्क्लेव में राज्य सरकार के विजन को साझा किया जाएगा। श्रेणी-2 के शहरों के विकास एवं डिजिटल गवर्नेंस पर विचार-मंथन कॉन्क्लेव में महानगरों से आगे बढ़कर श्रेणी-2 के शहरों के विकास पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें पुनःघनीकरण, परिवहन आधारित विकास (टीओडी), टीडीआर, आवास, पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारे, रेरा स्वीकृतियां, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अनापत्ति प्रमाण-पत्रों में कमी (एनओसी) तथा एफएआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। नगरीय प्रशासन में सुधार और डिजिटल सशक्तिकरण पर केंद्रित सत्र में स्वचालित भवन अनुज्ञा अनुमोदन प्रणाली (एबीपीएएस), ऑनलाइन एनओसी एवं विकास अनुज्ञा प्रणाली, कॉलोनी अधिनियम, डिजिटल गवर्नेंस, जीआईएस आधारित नियोजन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। जलवायु अनुकूल शहर, जल सुरक्षा और ग्रीन फाइनेंसिंग जलवायु अनुकूल शहर, जल सुरक्षा और सर्कुलर एकॉनामी विषय पर आयोजित सत्रों में विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। चर्चा के प्रमुख विषयों में शहरी जल पुनः उपयोग एवं जल प्रबंधन, अमृत 2.0, बीआरएसआर फ्रेमवर्क, नमो हरित नगर योजना, सिटी फॉरेस्ट एवं सेंट्रल पार्क, वायु गुणवत्ता सुधार की पहल, ईज ऑफ लिविंग एवं लिवेबिलिटी इंडेक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, एमआरएफ, कचरे से ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं तथा सीबीजी इकोसिस्टम शामिल हैं। कॉन्क्लेव में शहरी निवेश, वित्तीय संसाधन, साझेदारी और वैश्विक विशेषज्ञता के अवसरों पर भी मंथन होगा। इसमें अर्बन चैलेंज फंड की परियोजनाएं, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, वित्तीय मॉडलिंग, बहुपक्षीय बैंकों से वित्त पोषण, अनुदान और वायबिलिटी गैप फंडिंग सहित विभिन्न वित्तीय विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल गोली

भोपाल। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर भोपाल जिले में 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल गोली का सेवन कराया गया। यह अभियान शासकीय एवं निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों और छात्रावासों में आयोजित किया गया। अभियान के तहत 20 से 49 वर्ष की ऐसी महिलाओं को भी एल्बेंडाजोल दवा का सेवन कराया गया, जो गर्भवती या धात्री नहीं हैं। अभियान के पहले दिन 6 अक्टूबर को जिले के 63 प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाई गई। दवा सेवन से छूट गए बच्चों के लिए 9 अक्टूबर को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा, जिसमें शेष बच्चों को दवा का सेवन कराया जाएगा। बच्चों को दवा का सेवन सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। अभियान की निगरानी क्षेत्रीय संयुक्त संचालक भोपाल से उपसंचालक डॉ. एस.के. बौद्ध, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत द्वारा की गई।



फाइनल में मलेशिया को 5–1 से हराकर जीता स्वर्ण पदक, लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



20वें एशियाई खेल आइची-नागोया, जापान में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। 3 अक्टूबर को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मलेशिया को 5-1 से पराजित कर एशियाई खेलों में लगातार दूसरी बार हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्वर्णिम सफलता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी सीधे क्वालीफाई किया। भारतीय टीम की इस शानदार उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने पूरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने टीम के सदस्य एवं मध्यप्रदेश पुलिस में पुलिस उप अधीक्षक श्री विवेक सागर प्रसाद को भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का हिस्सा बनने पर बधाई दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की इस ऐतिहासिक जीत में मध्यप्रदेश पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सागर प्रसाद भी टीम के सदस्य के रूप में शामिल रहे। टीम के मिडफील्डर श्री विवेक सागर प्रसाद ने पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम के साथ अपने खेल कौशल और योगदान से देश की स्वर्णिम सफलता में सहभागिता की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की इस उपलब्धि से मध्यप्रदेश पुलिस भी गौरवान्वित है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी को गौरवान्वित करने वाली टीम का हिस्सा बनकर श्री विवेक सागर प्रसाद ने मध्यप्रदेश पुलिस का नाम भी खेल जगत में रोशन किया है।

बाल विवाह मुक्त मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने करें प्रयास : निर्मला भूरिया

भोपाल। मध्यप्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम को प्रभावी बनाने के लिए 35 हजार से अधिक बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का व्यापक मैदानी तंत्र तैयार किया गया है। अब बाल विवाह के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर स्थानीय परिस्थितियों और उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर लक्षित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अकादमी में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बाल विवाह रोकथाम की रणनीति, कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के समन्वय पर मंथन हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि बाल विवाह मुक्त मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए शासन, प्रशासन और समाज को मिलकर प्रभावी एवं समन्वित प्रयास करने होंगे। बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए तैनात बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कानून के क्रियान्वयनकर्ता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत हैं। मंत्री सुश्री भूरिया मंगलवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही बाल विवाह के मामलों में समयबद्ध हस्तक्षेप, समन्वय और संवेदनशील कार्रवाई के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और कौशल का वास्तविक प्रभाव मैदानी स्तर पर दिखाई देना चाहिए।

20 यात्री ट्रेनें निर्धारित तिथियों में रहेंगी निरस्त, 16 अक्टूबर तक परिचालन प्रभावित

बीना यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के चलते अक्टूबर में भी प्रभावित रहेगा रेल परिचालन

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



रेल परिचालन को अधिक सक्षम, सुगम एवं भविष्य की यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में बीना एवं आगासौद स्टेशनों पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य प्रगति पर है। पश्चिम मध्य रेलवे के बीना स्टेशन एवं उत्तर मध्य रेलवे के आगासौद स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए किए जा रहे इस महत्वपूर्ण अधोसंरचना कार्य के कारण भोपाल मंडल होकर संचालित कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन निर्धारित तिथियों में प्रभावित रहेगा। यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के लिए प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल परिचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए 20 यात्री ट्रेनों को अलग-अलग निर्धारित तिथियों में निरस्त किया गया है। विभिन्न रेल सेवाओं के निरस्तीकरण का सिलसिला 15 अक्टूबर तक तथा कुछ सेवाओं के मामले में 16 अक्टूबर 2026 तक रहेगा। 1. गाड़ी संख्या 64618 ललितपुर-बीना मेमू दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 64617 बीना-ललितपुर मेमू दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 3. गाड़ी संख्या 61619 बीना-कटनी मुड़वारा मेमू दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 4. गाड़ी संख्या 61620 कटनी मुड़वारा-बीना मेमू दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 5. गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस दिनांक 06 से 14 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 6. गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 7. गाड़ी संख्या 61611 बीना-रूठियाई मेमू दिनांक 06 से 16 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 8. गाड़ी संख्या 61612 रूठियाई-बीना मेमू दिनांक 06 से 16 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 9. गाड़ी संख्या 61625 बीना-रूठियाई मेमू दिनांक 06 से 16 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 10. गाड़ी संख्या 61626 रूठियाई-बीना मेमू दिनांक 06 से 16 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 11. गाड़ी संख्या 12197 भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 12. गाड़ी संख्या 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 06 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 13. गाड़ी संख्या 11086 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस दिनांक 09 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। 14. गाड़ी संख्या 11085 एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस दिनांक 11 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। 15. गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। 16. गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। 17. गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 09 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 18. गाड़ी संख्या 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 10 से 16 अक्टूबर 2026 तक निरस्त रहेगी। 19. गाड़ी संख्या 22163 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। 20. गाड़ी संख्या 22164 खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को निरस्त रहेगी। सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यार्ड रीमॉडलिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात बीना एवं आगासौद स्टेशनों की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान एवं ठहराव का बेहतर प्रबंधन संभव होगा तथा रेल यातायात के संचालन में अधिक सुगमता आएगी। साथ ही, भविष्य में बढ़ने वाले रेल यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने की क्षमता विकसित होगी। इस अधोसंरचना कार्य से रेल परिचालन की दक्षता, विश्वसनीयता एवं समयपालन में सुधार होने के साथ-साथ बीना क्षेत्र में रेल यातायात के बेहतर प्रबंधन को भी मजबूती मिलेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि अक्टूबर माह में बीना होकर यात्रा करने वाले यात्री अपनी यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेन की अद्यतन स्थिति अवश्य जांच लें। यात्रियों को अपनी ट्रेन के निरस्तीकरण, मार्ग, ठहराव तथा प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन में हुए किसी भी परिवर्तन की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही यात्रा करने की सलाह दी गई है।

स्वामी एक सत प्रयास जनकल्याण समिति के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अमित शर्मा** द्वारा प्रकाशन स्थल बी-9 विवेक विहार कॉलोनी, लश्कर ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474001 से प्रकाशित एवं सर्वोदय ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस, नया बाजार केनरा बैंक के पास ग्वालियर (म.प्र.)-474001 से मुद्रित। स्थानीय संपादक राजीव शुक्ल* पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।
RNI - MPHIN/2019/79098/ E-mail: EKSATBULLETIN@GMAIL.COM, WWW.EKSATBULLETIN.IN, मार्केटिंग एवं अन्य जानकारी हेतु हेड ऑफिस संपर्क करें- ए-1 माचना कॉलोनी, शा.राजीव गांधी हाई स्कूल शिवाजी नगर 6 नंबर बस स्टाप पास भोपाल। फोन: 0755-4515227, मोबाइल: 9691653088